Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पताः- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 14, अंक 260 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये | दुर्ग, मंगलवार 22 जुलाई 2025 | www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### प्यार, धोखा और जहर... घर में प्रेमी संग पकड़ी गई पत्नी की खौफनाक साजिश!

**फतेहपुर ।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक पत्नी ने अपने पति को कथित तौर पर किसी और पुरुष के साथ देख लेने के बाद उसे जहर देकर मारने की कोशिश की। गनीमत रही कि समय पर इलाज मिलने से पति की जान बच गई। घटना के बाद से आरोपी पत्नी फरार है और पुलिस पर मामले में ढिलाई बरतने का आरोप लग रहा है। यह घटना राधानगर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित रितिक यादव कानपुर में लोडर चालक का काम करता है और उसकी शादी दो साल पहले सुशीला यादव से हुई थी। दोनों राधानगर पावर हाउस के पास किराए के मकान में रहते थे। कुछ समय पहले पत्नी सुशीला के कहने पर रितिक उसे अपने साथ कानपुर ले गया था। आरोप है कि 16 जुलाई को जब रितिक अचानक अपने घर लौटा, तो उसने अपनी पत्नी सुशीला को एक अन्य पुरुष के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया।

### ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**पटना।** पटना के पारस एचएमआरआई अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की सनसनीखेज हत्या के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, बिहार एसटीएफ और पटना पुलिस की संयुक्त टीम ने इस हत्याकांड में शामिल छह आरोपियों को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि पैरोल पर आए गैंगस्टर चंदन मिश्रा की गुरुवार को अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद से ही पुलिस प्रशासन पर सवाल उठ रहे थे। बिहार एसटीएफ और पटना पुलिस की एक संयुक्त टीम ने पश्चिम बंगाल में छापेमारी कर हत्याकांड में शामिल छह आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों से फिलहाल पश्चिम बंगाल में ही पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार, कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर पटना लाया जाएगा।

मोदी ने की विपक्षी नेताओं की तारीफ

# दल हित में मत भले न मिले, पर देश हित में मन जरूर मिले

नई दिल्ली/ एजेंसी

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद भवन के बाहर मीडिया से बात की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की स्थिति से रू-बरू कराने के लिए दुनिया के विभिन्न हिस्सों का दौरा करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों की सराहना की। इन प्रतिनिधिमंडलों ने आतंकवादियों के आका पाकिस्तान को बेनकाब करने में अहम योगदान दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'देश ने एकता की ताकत देखी है। इसलिए सदन के सभी सांसदगण इसे ताकत दें, इसे आगे बढ़ाएं और मैं निश्चित तौर पर कहूंगा कि हर राजनीतिक दल का अपना एजेंडा होता है, अपनी भूमिका होती है, लेकिन मैं इस सच्चाई को स्वीकार करता हूं कि दल हित में मत भले न मिले, लेकिन देश हित में मन जरूर मिले...'इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि मानसून सत्र एक 'विजय उत्सव' है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सैन्य शक्ति और क्षमता का प्रदर्शन हुआ। पीएम मोदी ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत हासिल किया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत सशस्त्र बलों ने 22 मिनट के भीतर आतंकवाद के आकाओं को उनके घरों में घुसकर मारा, उनके ठिकानों को मलबे में तब्दील कर दिया। उन्होंने कहा कि मैंने बिहार में पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों को मिट्टी में मिलाने की बात कही थी और हमारी सेना ने हमारी सैन्य शक्ति बहुत कम समय में ही साबित कर



दी। दुनिया भी 'मेड इन इंडिया' की सैन्य क्षमता की ओर आकर्षित हुई है। पीएम मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि सत्र के दौरान सांसद एक स्वर में और विजयी भावना के साथ इन भावनाओं को व्यक्त करेंगे, जिससे भारत की सैन्य क्षमता मजबूत होगी, लोगों को प्रेरणा मिलेगी और मेड इन इंडिया रक्षा क्षमताओं को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पहलगाम में हुए क्रूर नरसंहार ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया। हमले ने आतंकवाद और उसकी जड़ों की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित किया। पीएम मोदी ने नक्सलवाद के खिलाफ अपनी सरकार की निर्णायक कार्रवाई की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि लाल गलियारे अब हरित विकास क्षेत्रों में बदल रहे हैं। देश शुरू से ही हिंसक घटनाओं से जूझ रहा है, चाहे वह आतंकवाद हो या नक्सलवाद। आज नक्सलवाद और माओवाद काफी कम हो रहे हैं। नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से सुरक्षा बल नए उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, 'मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि देश के कई जिले नक्सलवाद की गिरफ्त से बाहर आ गए हैं। वे आजादी की सांस ले रहे हैं। हमारा संविधान जीत रहा है। अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पहली बार भारत का तिरंगा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लहराया।

### जस्टिस वर्मा को हटाने की प्रक्रिया शुरू, लोकसभा में 145, राज्यसभा में 63 सांसदों ने दिया


संसद के मानसून सत्र की आज से शुरुआत हो गई है। 21 अगस्त तक ये मानसून सत्र चलेगा। सत्र का पहला दिन हंगामे से भरा रहा। संसद में विपक्ष ने कई मुद्दों को लेकर हंगामा किया। दरअसल, दोनों सदनों में कार्यवाही की शुरुआत होते ही सदस्यों ने हंगामा किया। विपक्ष ने सत्र के पहले दिन ही अपने तेवर दिखा दिए। इसके साथ ही जाहिर कर दिया कि वह ऑपरेशन सिंदूर और बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर सरकार को थोड़ी भी ढील देने के मूड में नहीं है। सोमवार मानसून सत्र की शुरुआत के साथ विपक्ष ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध विराम वाले दावे को लेकर सदन में हंगामा किया। इसके अलावा हंगामा के बीच ही राज्य सभा में एक बिल को पारित किया गया।

सरकार पर बड़ा आरोप लगाया

## मैं विपक्ष का नेता हूं..लेकिन मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा..राहुल...

नई दिल्ली/ एजेंसी

मानसून सत्र के पहले दिन दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सवाल यह है कि रक्षा मंत्री को सदन में बोलने की अनुमति है, लेकिन विपक्ष के सदस्यों, जिनमें मैं भी शामिल हूं, जो विपक्ष का नेता हूं, को बोलने की अनुमति नहीं है। यह एक नया दृष्टिकोण है। परंपरा कहती है कि यदि सरकार की ओर से लोग बोल सकते हैं, तो हमें भी बोलने की जगह दी जानी चाहिए। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा



कि अगर वे (सरकार) चर्चा के लिए तैयार हैं, तो उन्हें विपक्ष के नेता को बोलने देना चाहिए। वह बोलने के लिए खड़े हुए हैं, इसलिए उन्हें बोलने दिया जाना चाहिए। सपा सांसद राजीव राय ने कहा कि हमारे लिए राष्ट्रहित सर्वोच्च है। पूरा विपक्ष और जनता सशस्त्र बलों और सरकार के साथ खड़ी है। प्रधानमंत्री को देश को बताना चाहिए कि पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादी कहां हैं? सुरक्षा में इस नाकामी की जिम्मेदारी कौन लेगा? ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम हमले पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों के लगातार नारे लगाने के कारण लोकसभा की कार्यवाही 1400 बजे तक स्थगित कर दी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि चर्चा के एजेंडे पर निर्णय लेने के लिए 1430 बजे बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक होगी।

### उड़ान के 26 सेकंड बाद ही शुरू हो गई थी गड़बड़ी

**नई दिल्ली।** गत 12 जून को अहमदाबाद में उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान की जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। जांच टीम को बोइंग ड्रीमलाइनर विमान के पिछले हिस्से यानी पूंछ (टेल सेक्शन) में एक सीमित इलेक्ट्रिक आग के सबूत मिले हैं, जिससे यह आशंका गहरा गई है कि हादसे की वजह विमान की बिजली प्रणाली में आई कोई बड़ी खराबी हो सकती है। विमान का टेल सेक्शन मुख्य दुर्घटना और ईंधन विस्फोट में अपेक्षाकृत कम क्षतिग्रस्त हुआ था। जांच में इस हिस्से के कुछ इलेक्ट्रिक पार्ट्स में आग लगने के संकेत मिले हैं। अधिकारियों का मानना है कि यह आग उड़ान के दौरान लगी हो सकती है।

पहलगाम आतंकी हमले पर खरगे ने पूछे कड़े सवाल

## जेपी नड्डा बोले.... आजादी के बाद ऐसा ऑपरेशन नहीं हुआ

नई दिल्ली/ एजेंसी

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही और पहले ही दिन जमकर हंगामा देखने को मिला। विपक्ष ऑपरशन सिंदूर पर चर्चा की मांग कर रहा है। राज्यसभा में इस मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले के मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश की, जिस पर भाजपा अध्यक्ष और सदन के नेता जेपी नड्डा ने भी जोरदार जवाब दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने



पहलगाम आतंकी हमले को लेकर राज्यसभा में सवाल उठाते हुए कहा कि 'पहलगाम आतंकी हमले के आरोपी अभी तक न पकड़े गए हैं और न ही मारे गए हैं। सभी पार्टियों ने एकजुट होकर सरकार को इस मुद्दे पर समर्थन दिया, ऐसे सरकार की तरफ से हमें पहलगाम हमले पर और उसके बाद के घटनाक्रम पर हमें जानकारी दी जानी चाहिए।' खरगे ने कहा कि 'पहलगाम हमले में सरकार से सुरक्षा लापरवाही हुई और ये खुद एलजी ने स्वीकार किया है। साथ ही कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने भी कई खुलासे किए। ऐसे में सरकार को हमें जानकारी दी जानी चाहिए। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप 24 बार कहा कि मेरी मध्यस्थता से समझौता हुआ तब भारत-पाकिस्तान का संघर्ष थमा। ये देश के लिए अपमानजनक है कि एक बाहर का आदमी ऐसा दावा कर रहा है।

यह संसद है, प्राइवेट ड्राइंग रूम नहीं

## नियमों के दायरे में रहना होगा-प्रधान..

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी की सदन में चर्चा से भागने के लिए आलोचना की और सांसदों को फटकार लगाई कि वे इसे अपना निजी बैठक कक्ष न समझें। उन्होंने कहा कि संसद के कामकाज के लिए विशिष्ट नियम और कानून हैं और इसे किसी एक व्यक्ति की निजी इच्छा पर नहीं चलाया जा सकता। उन्होंने कहा कि हम सदन चलाना चाहते हैं। यह राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का निजी बैठक कक्ष नहीं है। सभी को नियमों के दायरे में रहना होगा। केंद्रीय मंत्री ने



एएनआई से बात करते हुए कहा वे खुद चर्चा से भाग रहे हैं, क्योंकि उन्हें पाकिस्तान का समर्थन करने में ज़्यादा दिलचस्पी है। उन्हें भारत की विपक्षी ताकतों की मदद करने में ज़्यादा दिलचस्पी है।

### सहेली के घर जा रही नाबालिग को अगवा किया....

**पुरी।** ओडिशा के पुरी जिले में मानवता को शर्मसार करने वाली एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ कुछ बदमाशों ने एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की पर पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जलाने की कोशिश की। घटना के समय पीड़िता अपनी सहेली के घर जा रही थी। लड़की 70 प्रतिशत तक झुलस चुकी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हमले के बाद चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तुरंत आग बुझाई और गंभीर रूप से घायल लड़की को अस्पताल पहुंचाया। लड़की की नाजुक हालत को देखते हुए उसे भुवनेश्वर के एम्स में रेफर कर दिया गया है, जहाँ उसका इलाज चल रहा है। पीड़िता के भाई ने बताया, मेरी बहन सुबह किताबें लेकर अपनी सहेली के घर जा रही थी।

कहीं न कहीं कांवड़ यात्रा की सुरक्षा में बड़ी चूक

## सरधना में गंगनहर में बहते मिले चार शव, कांवड़ यात्रा के बीच हड़कंप, पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा

मेरठ / एजेंसी

मेरठ के सरधना में कांवड़ यात्रा के बीच सोमवार को मेरठ जिले के सरधना क्षेत्र में गंगनहर में एक के बाद एक चार अज्ञात शव बहते हुए नजर आए। शवों को अटेरना पुलिस चौकी और सरधना गंगनहर पुल के पास देखा गया, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने जब शवों को गंगनहर में बहते देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी, लेकिन थाना प्रभारी मौके पर आकर केवल भीड़ हटाकर चले गए, शवों को बाहर निकालने का कोई प्रयास नहीं



किया गया। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पुलिस का यही रवैया पहले भी रहा है। पिछले सप्ताह भी मानपुरी गांव, सरधना पुल और अहमदाबाद के पास इसी तरह तीन शव गंगनहर में बहते हुए मिले थे, जिनका जिम्मा एक थाने से दूसरे थाने पर डालकर औपचारिकता निभा दी गई। अब लगातार शव मिलने और पुलिस की निष्क्रियता से जनता में भारी नाराजगी है। कई लोगों ने यह भी बताया कि हाल में युवक-युवती के शव भी कांवड़ियों जैसे वस्त्रों में मिले थे, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह केवल दुर्घटना या आत्महत्या नहीं, बल्कि कहीं न कहीं कांवड़ यात्रा की सुरक्षा में बड़ी चूक भी हो सकती है। लोगों की मांग है कि शवों की शिनाख्त कराकर मामले की गहन जांच की जाए। पुलिस की ओर से अब तक शव निकालने या शिनाख्त की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे न केवल कांवड़ यात्रा की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लगा है, बल्कि प्रशासन की कार्यशैली पर भी।

मेड इन चाइना था विमान

# 16 छात्र समेत 19 लोगों की मौत, बांग्लादेश एफ-7 प्लेन क्रैश में 100 से ज्यादा घायल..

ढाका/ एजेंसी

बांग्लादेशी वायुसेना का एक एफ -7 प्रशिक्षण विमान सोमवार को कॉलेज परिसर में हादसे का शिकार हो गया। विमान कॉलेज की बिल्डिंग से जा टकराया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 160 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के वक्त माइलस्टोन कॉलेज में बच्चे मौजूद थे। प्लेन क्रैश होने के बाद स्कूल-कॉलेज में अफरातफरी मच गई। मौके पर अग्निशमन और बचाव दलों ने पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया है। नेशनल बर्न इंस्टीट्यूट के अधिकारी प्रोफेसर मोहम्मद सईदुर रहमान ने बताया कि वायुसेना का विमान माइलस्टोन कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमें विमान के पायलट सहित कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी घटना की पुष्टि की है। सूचना मिलने पर बांग्लादेशी सेना के सदस्य, अग्निशमन सेवा



और नागरिक सुरक्षा की आठ गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया। बांग्लादेश सेना के जनसंपर्क कार्यालय ने बताया कि वायुसेना का प्रशिक्षण विमान एफ-7 बीजीआई ढाका के उत्तरा क्षेत्र के दियाबारी इलाके में माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज परिसर में गिर गया। अग्निशमन अधिकारी लीमा खान ने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण विमान ने दोपहर लगभग 1:06 बजे उड़ान भरी थी और उड़ान भरने के तुरंत बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद विमान में आग लग गई। आग बुझाने के लिए अग्निशमन दल की आठ दमकल मौके पर पहुंच गईं। माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज के प्रवक्ता ने कहा कि विमान स्कूल के गेट के पास गिरा। स्कूल परिसर में जहां विमान हादसा हुआ, वहां कक्षा चल रही थी। घायलों को एक-एक करके बाहर निकाला जा रहा है। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक एक प्रत्यक्षदर्शी सादमान रुहसिन ने बताया कि विमान स्कूल की इमारत से टकराया। सेना और अग्निशमन सेवा के सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे और छात्रों तथा अभिभावकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। सेना के जवान घायल छात्रों को बाहों में बाहर लाते देखे गए।

101 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

## केरल के पूर्व सीएम अच्युतानंदन का निधन

**केरल।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस अच्युतानंदन का सोमवार को तिरुवनंतपुरम के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 101 वर्ष के थे। वह 2006 से 2011 तक मुख्यमंत्री रहे। अच्युतानंदन 2019 में मामूली स्ट्रोक के बाद सार्वजनिक जीवन से दूर हो गए थे। उसके बाद से वे अपने बेटे वी. अरुण कुमार के तिरुवनंतपुरम स्थित आवास पर जीवन व्यतीत कर रहे थे। अनुभवी कम्युनिस्ट और स्वतंत्रता सेनानी केरल में कम्युनिस्ट आंदोलन के एक मजबूत प्रतीक थे और दशकों तक राज्य की राजनीति में उनकी उपस्थिति बहुत मजबूत थी। विपक्ष के एक जुझारू नेता के



रूप में, अच्युतानंदन वंचितों और कठिन सार्वजनिक मुद्दों के लिए एक ध्वजवाहक थे, जिनमें पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता, आर्द्रभूमि संरक्षण, नर्सों के लिए बेहतर वेतन, ट्रांसजेंडर अधिकार और मुफ्त सॉफ्टवेयर शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र पर बहाल शिक्षक, आर्डियोलॉजिकल जांच की उठी मांग




**राजनांदगांव।** जिले के शिक्षा विभाग में एक बार फिर नियमों को ताक में रखकर शिक्षक की बहाली का मामला सामने आया है। आरोप है कि प्राथमिक शाला ठेकवा में पदस्थ सहायक शिक्षक विकास लाटा को बिना दिव्यांगता की जांच कराए बहाल कर दिया गया, जबकि उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र की विश्वसनीयता पर पहले से ही सवाल उठते रहे हैं। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने शिक्षक की दिव्यांगता पर संदेह जताते हुए बीते एक वर्ष से लगातार जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल से जांच की मांग की है। श्री पॉल का कहना है कि विकास लाटा के पास दो अलग-अलग दिव्यांगता प्रमाण पत्र हैं, जो स्वयं में संदेहास्पद हैं। उन्होंने बताया कि तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी अभय जयसवाल ने 2 अगस्त 2024 को विकास लाटा को निलंबित कर रायपुर स्थित राज्य मेडिकल बोर्ड से आर्डियोलॉजिकल जांच कराने का निर्देश दिया था, लेकिन जांच न कराते हुए उन्हें सेवा में बहाल कर दिया गया और निलंबन अवधि को सेवा में जोड़ लिया गया। श्री पॉल ने आरोप लगाया है कि विकास लाटा ने फर्जी दिव्यांग बनकर आरक्षित पद पर नियुक्ति पाई है। यदि जांच कराई जाती, तो स्पष्ट होता कि वह दिव्यांगता की श्रेणी में आते भी हैं या नहीं। उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत के साथ दस्तावेजी प्रमाण लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर को भेजते हुए मांग की है कि राज्य मेडिकल बोर्ड से आर्डियोलॉजिकल जांच कराई जाए और यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो विकास लाटा को तत्काल सेवा से बर्खास्त किया जाए।
शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई को लेकर अब सरकारी सेवा में पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी सवाल उठ रहे हैं। पैरेंट्स एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में शीघ्र और निष्पक्ष जांच नहीं की गईए तो आंदोलनात्मक कदम उठाया जाएगा।

### थाना प्रभारी पर रिश्वतखोरी का आरोप, अजीत जोगी युवा मोर्चा ने की कार्रवाई की मांग



**राजनांदगांव।** बालोद जिले के देवरी बंगला थाना प्रभारी दिनेश कुर्रे पर रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप लगाते हुए अजीत जोगी युवा मोर्चा ने शुक्रवार को बालोद एसपी कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शमसुल आलम ने किया।

शमसुल आलम ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी दिनेश कुर्रे ने एफआईआर दर्ज करने के एवज में राजनांदगांव निवासी पंकज सिन्हा से 10,000 रुपये रिश्वत की मांग की। उन्होंने बताया कि पीड़ित द्वारा देवरी थाने में आवेदन दिए जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि शिकायतकर्ता से ही अवैध रूप से पैसे मांगे गए।

प्रदर्शनकारियों ने थाना प्रभारी को तत्काल हटाने और भ्रष्टाचार के इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस प्रशासन मामले को नजरअंदाज करता है, तो मोर्चा चक्का जाम जैसे आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होगा।

शमसुल आलम ने कहा कि अजीत जोगी युवा मोर्चा भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई को और तेज करेगा और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करता रहेगा।

प्रदर्शन के दौरान मोर्चा के कई कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे और थाना प्रभारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग दोहराई। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि यह केवल एक व्यक्ति का मामला नहीं, बल्कि पुलिस महकमे में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जनआक्रोश का प्रतीक है।

इस अवसर पर अजीत जोगी युवा मोर्चा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसूल आलम के साथ मुख्य रूप से बालोद जिलाध्यक्ष मिलाप बघेल, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष नमन पटेल, शुभम भालाधारे, अनवर खान, आदि निषाद, मनोज पटेल, चुरेंद्र देवांगन, खेमराज साहू आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गुरु पर्व महोत्सव में श्रद्धा और भक्ति का रहा अभूतपूर्व संगम

### गुरू पर्व पर साध्वी जी का हुआ आत्मीय स्वागत

**पिथौरा( समय दर्शन )।** गुरु जब अपने शिष्य पर कृपा करते हैं तो उसे आध्यात्मिक और व्यावहारिक ऊर्जा से सराबोर करते हैं। गुरु अगर व्यवहारिक तौर पर जीवन जीने का मंत्र देते हैं तो जीवन को आध्यात्मिक उत्कर्ष तक पहुंचाने के लिए मंत्र के साथ साथ ग्रंथ भी देते हैं। कृष्णम वन्दे जगतगुरूम अर्थात जब भगवान कृष्ण ने अर्जुन पर कृपा की तो युद्ध के मैदान में भक्ति और मुक्ति का मंत्र दिया साथ ही गीता जैसे ग्रंथ दिया। इसी तरह नारद जी ने वेदव्यास जी को अध्यात्म का मंत्र दिया तो महाभारत जैसी ग्रंथ भी दिया।

उपरोक्त उद्गार अयोध्या धाम से पधारी सुप्रसिद्ध कथा वाचिका राधिका किशोरी ने पिथौरा में आयोजित गुरुपर्व महोत्सव में हजारों की संख्या उपस्थित अपने अनुयायियों को प्राचीन भारतीय गुरु शिष्य परंपरा का महत्व प्रतिपादित करते हुए व्यक्त किए।

साध्वी सुश्री राधिका किशोरी ने कहा कि गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु गुरुर देवो महेश्वरः यह श्लोक गुरु का महिमामंडन करते हुए आदिकाल से प्रचलित इसके गूढ़ रहस्य को समझना जरूरी है। गुरु के रूप में ब्रह्मा अपने चारों मुख से भगवान विष्णु अपने चारों हाथों से और भगवान शंकर अपने पांच मुख से कृपा करते हैं। गुरु के रूप में ब्रह्मा जी अपने चार मुख से क्रमशः मंत्र ग्रंथ धाम और भाव प्रदान करते हैं भगवान विष्णु अपने चारों हाथ से क्रमशः आशीर्वाद, शब्द, स्पर्श और प्रसाद प्रदान करते हैं।

इसी तरह शंकर भगवान अपने पांचो मुख से क्रमशः पांच विकारों का मर्दन करते हैं। दूषित विचारों का, दूषित आहार का, व्यवहार के



प्रपंचों का तथा आकार परिवर्तन से मुक्त करते हैं। भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य परंपरा काफी समृद्ध रही है। बदलते परिवेश में इसके महत्व को कमतर करके आंका जा रहा है किंतु विश्व गुरु बनने के लिए इस परंपरा का उत्थान अपरिहार्य है।

मूलतः अयोध्या ( उत्तप्रदेश ) की रहने वाली साध्वी सुश्री राधिका किशोरी कथा वाचन के लिए छत्तीसगढ़ में जाना पहचाना नाम है। खास तौर पर महासमुंद एवं उसके सीमावर्ती जिलों में उनकी कथाएं अनवरत चलते रहती हैं। पिथौरा में आयोजित गुरुपर्व महोत्सव में छत्तीसगढ़ भर में फैले उनके शिष्यों व अनुयायियों ने उनका पूजन अर्चन किया। जय राघव जय माधव भक्त मंडल की ओर से इस आयोजन की भव्य तैयारी की गई थी। कार्यक्रमस्थल गुरु तेग बहादुर धर्मशाला तक उन्हें आतिशबाजी व बाजे गाजे के साथ जयकारों के बीच लाया गया। जहां विप्रजनों के द्वारा शंख एवं घंटियों के मधुर ध्वनि बजाकर स्वस्ति वाचन के साथ स्वागत किया। राज्य के विभिन्न हिस्सों रायपुर, महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना, सराईपाली, रायगढ़, जांजगीर चांपा, बलौदाबाजार एवं पदमपुर उड़ीसा से बड़ी संख्या में आये उनके अनुयायियों ने वैदिक रीति से उनका पद प्रच्छालन किया और पूजन अर्चन किया। शिष्यों की संख्या इतनी थी कि साध्वी के पूजन हेतु लंबी लाइन लगी रही।और गुरुपूजन का यह कार्य घंटों तक चलता रहा। पूरे कार्यक्रम में जयसिंह यादव, मुकेश मिश्रा, नंदलाल तिवारी की संगीत मंडली द्वारा प्रस्तुत भजन आकर्षण का केंद्र रहे। बसना विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल तथा पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रेमशंकर पटेल, जिला पंचायत के सभापति रामदुलारी सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार नीरज गजेंद्र एवं दानवीर शर्मा ने भी राधिका किशोरी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जय राघव जय माधव समिति के उमेश दीक्षित, सतपाल छाबड़ा, प्रेमशंकर पटेल, राधेश्याम अग्रवाल, सीताराम सिन्हा, मनोहर साहू, पुनीत सिन्हा, सादराम पटेल, अभय दुबे, कंवलजीत सिंह छाबड़ा, द्वारिका पटेल, मोनू अग्रवाल, पोलाराम डड़सेना, बोधीराम चौधरी, वेदप्रकाश गोयल, दिनेश पटेल, यशवंत डड़सेना, घनश्याम साहू, हेमंत निषाद, गोवर्धन ध्रुव, घनश्याम धांधी, मिथलेश पटेल, चंचल सिन्हा, विनोद सिन्हा, परमेश्वर डड़सेना, सुयश गोयल, कृष्ण कुमार चौहान, चित्रसेन बारीक, वृंदावन विश्वकर्मा, विद्या चरण नायक, सुखसागर जगत, टेकलाल सिन्हा, रविशंकर पटेल, डॉ राजेन्द्र नायक, उमाशंकर पटेल, विवेक पटेल, खेमराज सिन्हा, दिनेश चौधरी ,ताम्ररस साहु आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय आदिवासी महा अभियान

### योजना से कमार जनजाति परिवारों के जीवन में बहने लगी बदलाव की बयार

### सुरक्षित जीवन और सुनहरा भविष्य

### कमार समुदाय अंधेरे से उजाले, वंचना से विकास और अलगाव से आत्मबल की ओर बढ़ रहा

**महासमुंद( समय दर्शन )।** महासमुंद मे जनजातीय समाज को मुख्यधारा से जोड़ने एवं उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया है। प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय आदिवासी महा अभियान (पीएम-जनमन) आज सामाजिक न्याय, समावेशन और समर्पित प्रशासन का उत्कृष्ट उदाहरण बन चुका है।

पीएमजनमन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन से आज कमार समुदाय अंधेरे से उजाले, वंचना से विकास और अलगाव से आत्मबल की ओर बढ़ रहा है। पीएम-जनमन योजना उनके लिए सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता एक सार्थक कदम है।

इस अभियान की शुरुआत 15 नवंबर 2023 को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर की गई थी। इस दिन को जनजातीय गौरव दिवस'' के रूप में मनाई जाती है। यह योजना भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ते हुए उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर देना है।

महासमुंद जिले में निवास करने वाली कमार जनजाति, देश की विशेष पिछड़ी जनजातियों में शामिल है। यह समुदाय पारंपरिक रूप से जंगल, कंद-मूल और मजदूरी पर आश्रित रहा है। इनकी बसाहटें मुख्य ग्राम और शहरों से दूर जंगलों में स्थित हैं, जहाँ मूलभूत सुविधाओं का वर्षों तक अभाव रहा।

सत्र 2015-16 के आधारभूत




सर्वेक्षण के अनुसार, महासमुंद जिले में 923 कमार परिवार हैं जिनकी कुल जनसंख्या 3309 है। जिसमें पुरुष 1614 एवं महिला जनसंख्या 1695 है। जिले में इनका निवास विकासखण्ड महासमुंद, बागबाहरा एवं पिथौरा के कुछ ग्रामों में है। इनमें बड़ी संख्या में लोग अब भी कच्चे मकानों, बिना बिजली, बिना राशन, बिना स्वास्थ्य सुविधा और बिना सड़क संपर्क के जीवनयापन कर रहे थे।

पीएम-जनमन योजना के तहत कमार जनजाति परिवारों के जीवन में बदलाव हुआ है।

पीएम-जनमन योजना के अंतर्गत महासमुंद जिले के कमार जनजातीय परिवारों के लिए जिला प्रशासन एवं आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग ने समन्वय से कार्य प्रारंभ किया। घर-घर सर्वेक्षण के माध्यम से उनकी वास्तविक स्थिति को पहचाना गया और व्यक्तिगत दस्तावेजों से लेकर सामुदायिक संरचना तक का विकास किया गया।

इस योजना के तहत 330 परिवारों को बिजली कनेक्शन प्रदान किया गया। जिससे अब बच्चे रात में पढ़ाई कर पा रहे हैं और जहरीले जीव-जंतुओं से मुक्ति मिली है। 314 परिवारों को स्वच्छ पेयजल मुहैय्या कराने पीएम नल-जल योजना के तहत हर घर नल जल प्रदाय किया गया। जिससे गंदे पानी से होने वाली बीमारियों में कमी आई है। विशेष पिछड़ी जनजाति के चिन्हांकित 678 कच्चे मकान में निवासरत परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति मिल चुकी है। जिसमें 405 परिवारों को पक्का छत मिल गया है। शेष घर निर्माणाधीन है। 75 बसाहटों में आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य सेवाएं और स्कूल का संचालन हो रहा है। जिससे बच्चों का नामांकन बढ़ा, संस्थागत प्रसव में वृद्धि हुई है। साथ ही सभी परिवारों का राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाए गए है। लक्षित बैंक खाता 1825 में सिर्फ 80 व्यक्तियों का लक्ष्य शेष है। विकासखंड पिथौरा एवं बागबाहरा अंतर्गत शत प्रतिशत लोगों का जाति प्रमाण बना लिए गए है। महासमुंद विकासखंड में 300 व्यक्तियों का जाति प्रमाण पत्र प्रक्रियाधीन है। किसान सम्मान निधि अंतर्गत शत प्रतिशत पात्र लोगों का पंजीयन कर लिया गया है। 26 सड़कविहीन बसाहटों में सड़कें बन रही हैं, जिससे मुख्यधारा से संपर्क सुलभ होगा। मोबाइल टावर की स्थापना स्वीकृत की गई है। अब दूरदराज के ग्रामों में भी डिजिटल सेवाएं पहुँच सकेंगी।

राशन कार्ड बनने से अब हर परिवार को प्रतिमाह 35 किलो चावल मुफ्त मिल रहा है। इससे भोजन की चिंता दूर हुई है और बच्चे विद्यालय जाने लगे हैं। शिक्षा की ओर यह झुकाव आने वाले समय में उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सहायक होगा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख तक के मुफ्त इलाज का लाभ मिलने से अब परिवारों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। मोबाइल मेडिकल यूनिट और स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाएं ग्राम स्तर तक पहुँच रही हैं। बैंक खाते खुलने से अब लोगों को पेंशन, छात्रवृत्ति, सब्सिडी और अन्य योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। विशेषकर महिलाओं को महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे-महतारी वंदन योजना का लाभ मिलने से परिवार में आर्थिक स्थिरता आ रही है।

# पुत्र मोह में फंसी कांग्रेस? भाजपा का भूपेश बघेल पर बड़ा हमला




### बेटे के लिए पूरी पार्टी सड़कों पर, कांग्रेस का असली चेहरा उजागर' धर्मजीत सिंह

**मुंगेली( समय दर्शन )**भाजपा नेता एवं विधायक धर्मजीत सिंह ने सोमवार को मुंगेली विश्राम गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस के प्रदेशव्यापी प्रदर्शन को "पुत्र मोह" की राजनीति करार देते हुए कहा कि जिस चैतन्य बघेल का पार्टी में कोई पद ही नहीं है, उसके लिए पूरी कांग्रेस सड़कों पर उतर गई है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि भूपेश बघेल ने पूरी पार्टी को पुत्र मोह में झोंक दिया है।

**भूपेश बघेल को बताया झूठ की फैक्ट्री-** धर्मजीत सिंह ने कहा कि भूपेश बघेल ने कोयला आवंटन के मामले में लगातार जनता को गुमराह किया। भाजपा ने इस मामले में कई दस्तावेज जारी कर यह सिद्ध किया है कि खुद भूपेश बघेल और उनकी सरकार ने कोल ब्लॉक आवंटन के लिए सिफारिशें की थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब कांग्रेस की सरकार थी, तब खुद उनके मुख्यमंत्री रहते हुए गारे पेलमा सेक्टर-2, मांड-रायगढ़ कोलफील्ड के लिए पर्यावरण स्वीकृति और ऑपरेटर चयन जैसे सभी कदम उठाए गए।

**कोल ब्लॉक आवंटन और कटाई के पीछे कांग्रेस की भूमिका स्पष्ट-** धर्मजीत सिंह ने दस्तावेजों के हवाले से बताया कि 16 अक्टूबर 2019 को पर्यावरण स्वीकृति की सिफारिश की गई 31 मार्च 2021 को गारे पेलमा सेक्टर-2 के लिए समझौता हुआ 19 अप्रैल 2022 को वन स्वीकृति स्टेज-1 की सिफारिश भेजी गई,23 जनवरी 2023 को स्टेज-2 स्वीकृति के लिए भी कांग्रेस सरकार ने ही पत्र लिखा।
उन्होंने यह भी कहा कि अशोक गहलोत सरकार के दबाव में कई पत्रों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा राजस्थान को सौंपी गई।

**कांग्रेस की दोहरी नीति पर भाजपा का सवाल-** भाजपा ने कांग्रेस से तीखे सवाल पूछते हुए कहा क्या कांग्रेस मनमोहन सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों पर आज माफी मांगेगी ?क्या भूपेश बघेल अब अपने घर और राजीव भवन की बिजली बंद करेंगे ?
क्या कांग्रेस हर अपराधी के समर्थन में सड़क पर उतरती रहेगी ?
चोरी और सीनाजोरी की पराकाष्ठा" – भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह भ्रष्टाचार के आरोपियों को बचाने के लिए प्रदेश की जनता को भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि जब छह बार के विधायक और आदिवासी नेता कवासी लखमा की गिरफ्तारी हुई, तब कांग्रेस ने कोई विरोध नहीं किया, लेकिन एक बिना पद वाले व्यक्ति के लिए पूरा संगठन प्रदर्शन कर रहा है।उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल ने अपने कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था और शराब, कोयला, चावल, गोठान और पीएससी घोटालों में जनता के संसाधनों की खुलकर लूट की गई। अब कानून अपना काम कर रहा है और एक-एक कर आरोपी जेल जा रहे हैं।भाजपा की पत्रकार वार्ता में मौजूद रहे वरिष्ठ नेता इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पुन्नूलाल मोहले, प्रहलाद रजक, दीनानाथ केशरवानी, शैलेश पाठक, गिरीश शुक्ला, मोहन भोजवानी, जयप्रकाश मिश्रा, सुनील पाठक, कोटूमल दादवानी, राजीव श्रीवास, सौरभ बाजपेयी सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बसना में शिक्षा को नई ऊंचाई देने की पहल: विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने हाईस्कूल भवन निर्माण का किया भूमिपूजन

**विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाओं की सौगात, विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने दी 75.23 लाख की सौगात**

### बसना को मिलेगा नया शैक्षणिक भवन

### विद्यार्थियों को अब आधुनिक और सुविधायुक्त शिक्षण

### स्कूल भवन न केवल भौतिक ढांचे को मजबूत करेगा, बल्कि बच्चों के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगा

**बसना( समय दर्शन )।** बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल के नेतृत्व में बसना क्षेत्र में शैक्षणिक विकास की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया। राज्य सरकार की स्वीकृति के बाद बसना में नवीन हाईस्कूल भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक डॉ संपत अग्रवाल के करकमलों द्वारा शिलान्यास कर विधिवत भूमिपूजन के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर 75.23 लाख रुपये के विकास कार्य की सौगात क्षेत्र को दी गई, जिसके लिए विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया।
विधायक डॉ अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज बसना के शैक्षणिक भविष्य को साकार करने के लिए एक नई शुरुआत हुई है। बसना के विद्यार्थियों को अब आधुनिक और सुविधायुक्त शिक्षण माहौल प्राप्त होगा। हम चाहते हैं कि हमारे क्षेत्र के बच्चे भी उच्च



स्तरीय शिक्षा व वातावरण में अध्ययन करें। उन्होंने आगे कहा कि यह भवन न केवल भौतिक ढांचे को मजबूत करेगा, बल्कि बच्चों के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

विधायक डॉ अग्रवाल आगे यह भी उल्लेख किया कि यह नया भवन केवल ईंटों और सीमेंट का ढांचा नहीं बल्कि बच्चों के समग्र विकास की नींव है। शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है बल्कि वातावरण, संसाधन और प्रेरणा का भी मेल है। यही उद्देश्य इस भवन निर्माण का मूल आधार है। इस अवसर पर स्कूल की छात्राओं ने विधायक को एक आवेदन पत्र सौंपा जिसमें विद्यालय परिसर में शौचालय और शेड निर्माण की मांग की गई। विधायक डॉ अग्रवाल ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा और स्वच्छता हमारी प्राथमिकता है, और इन मांगों को जल्द पूरा किया जाएगा।

आपको बता दे कि यह नया भवन स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) के परिसर में स्थित चयनित स्थल के बाई ओर बनाया जाएगा।इस नवीन स्कूल भवन निर्माण में 10 आधुनिक कक्ष,पुस्तकालय ,कंप्यूटर कक्ष,बालक एवं बालिका शौचालय बनाए जाएंगे।भवन निर्माण के साथ-साथ नलकूप खनन ,जल आपूर्ति व्यवस्था , सेनेटरी और विद्युतीकरण कार्य भी शामिल है।

इस कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष डिलेश्वरी निराला, नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ खूशबू अग्रवाल, उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहित पटेल,सभापति प्रकाश सिन्हा,मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव,पार्षदगण,जनपद सदस्यगण,समेत कई जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, विद्यार्थीगण और क्षेत्रीय गणमान्यजन मौजूद रहे।

रजक समाज की भूमिका सनातन परंपराओं की निरंतरता में अत्यंत महत्वपूर्ण - मुख्यमंत्री

# वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के राष्ट्रीय संकल्प में छत्तीसगढ़ की भूमिका महत्वपूर्ण– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय




**रायपुर।** शिक्षा ही वह साधन है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने लक्ष्यों की प्राप्ति कर सकता है और अपने सपनों को साकार कर सकता है। शिक्षा से ही रोजगार के अवसर सृजित होते हैं। व्यक्तिगत और सामाजिक विकास के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास हमारी सरकार का मूलमंत्र है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के राष्ट्रीय संकल्प में छत्तीसगढ़ की महत्त्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित है। हमने राष्ट्रीय विजन के अनुरूप छत्तीसगढ़ विजन डॉक्युमेंट भी जारी किया है, और उसके प्रत्येक बिंदु को धरातल पर उतारने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बिलासपुर के सिम्स ऑडिटोरियम में आयोजित रजक युवा गाडगे सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने संत गाडगे महाराज की पूजा-अर्चना कर राज्य स्तरीय गाडगे सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने सम्मेलन में रजक समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, प्रबुद्धजनों एवं समाजसेवियों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि रजक समाज का सामाजिक समरसता और सेवा भाव हमेशा से अनुकरणीय रहा है।छत्तीसगढ़ के प्रत्येक गांव में इस समाज की उपस्थिति है, और शादी-विवाह, छठ्ठी सहित अन्य सनातन परंपराएं इनके सहयोग के बिना पूर्ण नहीं होतीं। इनके पुश्तैनी व्यवसाय के सशक्तिकरण हेतु राज्य सरकार ने रजककार विकास बोर्ड का गठन किया है, जिसके माध्यम से उन्हें किफायती दर पर ऋण सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को उन्नति के नए आयाम तक पहुँचाने के लिए राज्य सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और सुशासन की स्थापना के लिए राज्य सरकार ने सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया है।

आज अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन मोड में संचालित की जा रही हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार की गुंजाइश समाप्त हुई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रत्येक गारंटी को वचनबद्धता के साथ पूर्ण कर रही है। हमने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख महिलाओं को प्रति माह एक-एक हजार रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। तेन्दूपत्ता की खरीदी 5500 रुपये प्रति मानक बोरा की दर से की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नई औद्योगिक नीति के माध्यम से महिलाओं, अनुसूचित जातियों, जनजातियों एवं दिव्यांगजनों को रोजगार एवं उद्योग स्थापित करने हेतु विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। नई उद्योग नीति से आकर्षित होकर बीते छह से आठ महीनों में लगभग साढ़े छह लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार ने युवाओं के लिए सरकारी नौकरियों के अवसर सृजित किए हैं। डेढ़ वर्षों में लगभग 10 हजार सरकारी नौकरियाँ प्रदान की गई हैं। पाँच हजार शिक्षकों की भर्ती हेतु शीघ्र ही विज्ञापन जारी किया जाएगा। साथ ही, स्वरोजगार के लिए भी सकारात्मक वातावरण तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से हमें अलग छत्तीसगढ़ राज्य मिला। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के 15 वर्षों के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से राज्य को भुखमरी की समस्या से मुक्ति मिली और जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार हुआ।

## सुरक्षा अधिकारियों को ष्टक्क्र और प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण प्रदान किया




**रायपुर।** रायपुर जिला प्रशासन द्वारा जीवन रक्षक उपायों के प्रति जागरूकता और तत्परता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट सुरक्षा के अंतर्गत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में में आज 'प्रोजेक्ट सुरक्षा' के अंतर्गत पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर्स (PSO) को प्राथमिक उपचार और CPR का जीवनरक्षक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वी.आई.पी. सुरक्षा वाहिनी, माना में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे PSO के लिए 4वीं वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, माना रायपुर में किया गया। प्रशिक्षण का संचालन रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा रायपुर के मास्टर ट्रेनर एवं राजभवन चिकित्सक डॉ. देवेश रायचा ने किया। प्रशिक्षण के दौरान, PSO को आपातकालीन स्थिति में जीवन रक्षण हेतु CPR तकनीक की जानकारी दी गई। डॉ. रायचा ने बताया कि हृदय गति रुकने की स्थिति में कैसे समय रहते CPR देकर किसी की जान बचाई जा सकती है। प्रशिक्षुओं ने तकनीक को न केवल ध्यानपूर्वक सीखा बल्कि उसका प्रायोगिक अभ्यास भी किया। प्रशिक्षण के पश्चात सभी प्रतिभागियों को 'प्रोजेक्ट सुरक्षा फर्स्ट एड किट' प्रदान की गई तथा उपयोग की जानकारी दी गई। जिसमें पैरासिटामोल, गैस की गोली, नॉरफ्लॉक्स-TZ, कॉटन, बैंडेज, एडेसिव, बेटाडीन मलहम, ह्रक्रस् जैसे आवश्यक औषधीय सामग्री शामिल है।

## महिलाओं की आय बढ़ाने जिले में औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती की शुरुआत




**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर रायपुर जिले में महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में बिहान योजना से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों (दीदियों) ने औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती की शुरुआत की है। इस कार्य में CSIR – केन्द्रीय औषधीय संस्थान और राष्ट्रीय औषधीय पौधा बोर्ड (Medicinal Plant Board) के विशेषज्ञों का तकनीकी सहयोग प्राप्त हो रहा है। योजना के प्रथम चरण में आरंग विकासखंड की तीन ग्राम पंचायत—बनचरोदा, छटेरा और चटोद में कुल 14 एकड़ पंचायत की सामुदायिक और व्यक्तिगत जमीन पर औषधीय पौधों जैसे बच, खस और ब्राह्मी का रोपण किया जा रहा है। इस नवाचारपूर्ण प्रयास के तहत औषधि बोर्ड ने महिला समूहों को नि:शुल्क पौधों की आपूर्ति की है। दीदियों द्वारा तैयार कच्चे औषधीय माल को औषधि बोर्ड बाजार में बेचकर उसका मुनाफा सीधे महिला समूहों को देगा। इससे उनकी आय में वृद्धि, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जाएगा। यह योजना केवल आजीविका का साधन ही नहीं, बल्कि एक हरित और स्वास्थ्यवर्धक भविष्य की ओर बढ़ाया गया कदम है।

## पावर टिलर बन रहा है बदलाव का आधार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा जिला अब जैविक खेती के साथ-साथ आधुनिक खेती के उपकरण को अपनाने के लिए भी तेजी से आगे आ रहा है। जिला प्रशासन ने हाल ही में यहां के 75 प्रगतिशील किसानों और महिला स्व-सहायता समूहों को पावर टिलरों का वितरण किया है।

सबसे बड़ी बात है कि इन आधुनिक खेती के उपकरणों का उपयोग व्यक्तिगत खेती में ही नहीं किया जा रहा है, बल्कि महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से इनके सामूहिक उपयोग मॉडल पर भी जोर दिया गया है, जिससे गांव के अन्य किसान भी इसका लाभ उठा सकें।

पावर टिलर के माध्यम से किसान खेतों की गहरी जुताई करने के साथ-साथ मिट्टी को बारीक करने और जैविक खादों को समरस रूप से मिलाने में कर रहे हैं। जहां पहले पारंपरिक हल से खेत की जुताई में दो से तीन दिन लगते थे, वहीं अब यह काम कुछ ही घंटों में पूरा हो रहा है। पावर टिलर का आकार छोटा और संचालन सरल होने के कारण यह छोटे जोत के किसानों के लिए भी उपयुक्त है।

ग्राम हीरानार के किसान लूदरुराम और ग्राम कासौली के सुरेश नाग बताते हैं कि पावर टिलर के उपयोग से खेती करना अब पहले से ज्यादा आसान हो गया है। समय की बचत हो रही है। उत्पादन में भी सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह मल्टीपरपज मशीन न केवल जुताई के काम आती है, बल्कि मिट्टी पलटने, कतार बनाने, निंदाई-गुड़ाई, खाद मिलाने और ट्रॉली से परिवहन जैसे कार्यों में भी सहायक है। इससे श्रम लागत में कमी आई है और जैविक खेती भी टिकाऊ और लाभदायक बना है। विशेषकर युवा किसान भी अब आधुनिक कृषि तकनीकों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

बस्तर अंचल का दंतेवाड़ा जिला अब अपनी समृद्ध प्राकृतिक संपदा, उपजाऊ मिट्टी और अनुकूल जलवायु के साथ-साथ जैविक खेती की दिशा की ओर अग्रसर हो चुका है।

## परमात्मा और गुरु की आज्ञा में चलना ही धर्म है : श्री मनीष सागर महाराज

**रायपुर।** टैगोर नगर पटवा भवन में शनिवार को धर्मसभा में परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा आज्ञा का पालन करना ही सच्चा धर्म है और इस सिद्धांत के अनुसार हमें हमेशा परमात्मा और गुरु की आज्ञा का आदर करना चाहिए। यह न केवल हमारे आध्यात्मिक विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है। एक बार भी यदि आपके मन में कुछ गलत करने का भाव आ जाता है तो परमात्मा और गुरु के समझ अपनी बात रखने से यदि गलत भी करने जाओगे तो थम जाओगे।

स्किल इंडिया मिशन ने देश की तस्वीर बदली, अब छत्तीसगढ़ बना रहा है नया इतिहास - मुख्यमंत्री श्री साय

# छत्तीसगढ़ को स्किल हब बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि हम विकसित भारतङ्कविकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर कार्यरत हैं, और इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। मुख्यमंत्री श्री साय आज भिलाई स्थित रूंगटा यूनिवर्सिटी में आयोजित विश्व युवा कौशल उत्सव 2025 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह आयोजन इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज किया जाएगा। गोल्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम ने 8183 प्रतिभागियों को एक सप्ताह के भीतर दिए गए प्रशिक्षण को प्रमाणित किया है और संस्थान को इसका प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। उन्होंने रूंगटा यूनिवर्सिटी प्रबंधन को इस नि:शुल्क और अभूतपूर्व आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि राज्य सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर एवं दक्ष बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भिलाई को इस्पात नगरी के साथ-साथ मिनी इंडिया भी कहा जाता है और शिक्षा के क्षेत्र में रूंगटा यूनिवर्सिटी का योगदान अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने विगत 25 वर्षों में प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और इस वर्ष को हम राज्य की रजत जयंती के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में उच्च शिक्षा संस्थानों का विस्तार हुआ और वर्तमान में राज्य में 15 मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपल आईटी, सिपेट, एम्स, और लॉ यूनिवर्सिटी जैसे राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थान कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्रों में राज्य सरकार ने समान रूप से उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। बीते डेढ़ वर्षों में सुशासन की स्थापना के लिए ठोस प्रयास हुए हैं। शासन को पारदर्शी बनाने हेतु अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन की गई हैं, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है और राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा से समृद्ध प्रदेश है और इसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने स्किल इंडिया मिशन की शुरुआत की थी। जब यह मिशन प्रारंभ हुआ था, भारत विश्व की 10वीं अर्थव्यवस्था था — और आज, केवल एक दशक में भारत चौथे स्थान पर पहुँच चुका है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मेगा प्लेसमेंट कैंप्स के माध्यम से नियोक्ताओं और प्रशिक्षित युवाओं के बीच संतुलन स्थापित हुआ है। यह कार्य डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना को बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि यह योजना युवाओं के लिए अनुभव के साथ-साथ आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान कर रही है, जिससे उनके लिए संभावनाओं के नए द्वार खुल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति में युवाओं के लिए विशेष अवसर सुनिश्चित किए गए हैं। एक हजार से अधिक स्थानीय युवाओं को रोजगार देने वाले उद्योगों को अनुदान देने का प्रावधान है। बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में अतिरिक्त रियायतें दी गई हैं। उन्होंने बताया कि बस्तर के सभी 32 विकासखंडों में स्किल इंडिया मिशन की गतिविधियाँ आरंभ हो चुकी हैं।उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग को प्रोत्साहन देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से उद्योगों को क्लीयरेंस की प्रक्रिया को अत्यंत सरल बनाया गया है। इससे राज्य में निवेश को गति मिली है। अब तक 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनके अनुमोदन की प्रक्रिया प्रगति पर है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हाल ही में नवा रायपुर में फार्मास्युटिकल कंपनी का शुभारंभ हुआ है। यह दो कारणों से संभव हुआ—एक, नवा रायपुर को फार्मा हब के रूप में विकसित किया गया है, और दूसरा, फार्मा उद्योग के लिए नई नीति में विशेष प्रावधान किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मिस्टर मिस मिसेज़ ,सीजन 3 प्रतियोगिता आयोजन.. शहर की नामी संस्था निहार, प्रोडक्शन की प्रस्तुति



**रायपुर ( समय दर्शन )।** स्थानीय रायपुर में फैशन के दुनिया की नामी संस्था निहार,प्रोडक्शन के अगला कदम आगामी 3 अगस्त को ग्रैंड फिनाले के तहत प्रदेश के युवकों. युवतियों एवं श्रीमती की ,सौंदर्य प्रतिस्पर्धा का आयोजन वुड केसल होटल में शाम 5 बजे से आयोजित की गई है

इसकी विस्तृत जानकारी निहार प्रोडक्शन के आयोजक नेहा पटेल ने बताया कि फैशन शो में आज 20 जुलाई को प्रदेश से आए हुए प्रतिभागियों का दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक वुड केसल ऑडिटोरियम में मिस्टर, मिस,मिसेज़ का फाइनल ऑडिशन किया गया जिसमें 3 केटेगरी में 50 प्रतिभागियों का फाइनल चयन किया गया। मिस केटेगरी में वर्ग ड्ड में मीडियम व वर्ग बी केटेगरी में प्लस 17 वर्ष 40 वर्ष वहीं मिसेज़ में 2 केटेगरी में 5.3 हाइट एवं 5.3 हाइट से ऊपर रखा गया है चयन के पश्चात आगामी 1 अगस्त को चयनित प्रतिभागियों का ग्रूमिंग सेक्शन की प्रक्रिया प्रारंभ होटल के परिसर में किया जाएगा। अंतिम ग्रैंड फिनाले 3 अगस्त को शाम 5 बजे से रखा गया है पूरे आयोजन में प्रदेश से आए प्रतिभागियों के लिए रुकने की व्यवस्था के साथ लंच. डिनर भी रखा गया है साथ ही साथ स्पर्धा में विजेताओं को नगद राशि के साथ ट्रॉफी अवम सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा । ग्रैंड फिनाले के मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक, अभिनेता पद्मश्री अनुज शर्मा,योगेश अग्रवाल फिल्मी हस्तियों को भी आमंत्रित किया गया है।

### प्रदेशभर के 36 उत्कृष्ट एमएसएमई एंटरप्रेन्योर्स गौरव अवार्ड प्रदान किये




**रायपुर ( समय दर्शन )।** राजधानी में मेगा एमएसएमई एंटरप्रेन्योर्स ,गौरव अवार्ड की मेज़बानी कर रहे होटल मैरियट में आयोजित गौरव रत्न सीमित आमंत्रण वाले कार्यक्रम में राज्यभर के 36 उत्कृष्ट एमएसएमई उद्यमियों को 7 श्रेणियों में विशेष अतिथि अमर परवानी ने सम्मानित किया7 स्टार्टअप, रिटेल, ट्रेडिंग, मैन्युफैक्चरिंग, सर्विसेस, स्पेशल अचीवमेंट, और सक्सेस स्टोरी के अलावा, एक विशेष सम्मान गौरव रत्न' छत्तीसगढ़ के प्रियंक पटेल (नुक्कड़ टी कैफे) को प्रदान किया गया। आयोजन का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि राजीव अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया।

यह आयोजन लर्निंग बैगर्स द्वारा प्रस्तुत और मिलेनियल नेटवर्क द्वारा रणनीतिक रूप से क्रियान्वित किया गया, जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ की उद्यमशीलता को राष्ट्रीय मानचित्र पर लाना है। 300 से अधिक नामांकनों में से, एक निष्पक्ष मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से 36 उद्यमियों को उनके नवाचार, प्रभाव और नेतृत्व के लिए चुना गया।

प्रमुख सम्मानितों में शामिल हैं,धवल वरु (वेल्थ सफारी) स्पार्क इन द डार्क अवार्ड,कृति शर्मा (आमंत्रण लक्ज़रीद यूनिसेक्स सैलून) फेवरेट वुमन एनट्रपप्नयोर चतर सिंह सलूजा (कार श्रृंगार) मोस्ट ट्रसटेड ब्रांड, जसविंदर सिंह (बलदेव फ़र्नीचर्स) एक्सीलेंस इन मैन्युफैक्चरिंग,नमित गोयल (चाय गोविंदम) स्मार्ट इनोवेशन

कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण रहा- बदलते समय में नेतृत्व: व्यापार के भविष्य को अपनाना' विषय पर पैनल चर्चा, जिसका संचालन किया रोहित राज (संस्थापक, लर्निंग बैगर्स) ने की

जूरी और पैनलिस्ट्स: विक्रमादित्य तीर्थानी दर्शन संखला, डॉ. यूसुफ मेमन व्यवसायियों के जीवन में स्वास्थ्य का महत्व शुभिका जैन एक सुदृढ़ संगठन कैसे बनाएं

आयोजकों ने बताया कि मेगा केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि एक मिशन है लर्निंग बैगर्स का, जिसका उद्देश्य है 2039 तक 10,000 एमएसएमई व्यवसायों को राष्ट्रीय ब्रांड बनाना।कार्यक्रम निदेशक वीरेन नागवंशी,सीईओ मिलेनियल नेटवर्क मूल्यांकन समिति: कोमल शिल्पी सिंह, दिनेश रॉय, अनुभूति राज,राहुल दीक्षित रहे 7इस पुरस्कार की संकल्पना और क्रियान्वयन लर्निंग बैगर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया, तथा रणनीतिक क्रियान्वयन मिलेनियल नेटवर्क द्वारा किया गया, जो एक राज्य स्तरीय पहल है जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के एमएसएमई अग्रदूतों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर दृश्यता का निर्माण करना है।

भारत में सांस्कृतिक उद्यमिता और सामाजिक नवाचार में उनके स्थायी योगदान के लिए नुक्कड़ टी कैफे वेंचर्स एलएलपी के श्री प्रियांक पटेल को विशेष सम्मान गौरव रत्न प्रदान किया गया।

अन्य उल्लेखनीय पुरस्कार विजेताओं में शामिल हैं:

धवल वरु (वेल्थ सफारी) स्पार्क इन द डार्क अवार्ड

कृति शर्मा (आमंत्रण लक्ज़री - द यूनिसेक्स सैलून) पसंदीदा महिला उद्यमी,चटर सिंह सलूजा (कार श्रृंगार) मोस्ट ट्रस्टेड ब्रांड अवार्ड,जसविंदर सिंह (बलदेव फर्नीचर्स) - विनिर्माण में उत्कृष्टता नमित गोयल (चाय गोविंदम) - स्मार्ट

श्री विक्रमादित्य तीर्थानी आधुनिक नेतृत्व में एआई की डॉ. यूसुफ मेमन उद्यमियों के लिए स्वास्थ्य और कल्याण

शुभिका जैन बिल्डिंग रेसिलिएंट

इवेंट डायरेक्टर: वीरेन नागवंशी, सीईओ - मिलेनियल नेटवर्क

इवेलुएशन कमिटी: कोमल शिल्पी सिंह, दिनेश रॉय, अनुभूति राज, और राहुल दीक्षित रहे।

# संपादकीय

## छात्राओं की मानसिक दशा को समझने की आवश्यकता

बालासोर खुदकशी कांड, बालासोर के स्वायत्त कॉलेज की छात्रा ने यौन उत्पीड़न से क्षुब्ध हो कर खुद को लगाई आग, ओड़िशा कॉलेज आग खुदकशी ओडिशा में बालासोर के स्वायत्त कॉलेज की छात्रा ने यौन उत्पीड़न से क्षुब्ध हो कर परिसर में ही खुद को आग लगा ली जिसमें वह नब्बे फीसद जल गई। आखिर में छात्रा ने हॉस्पीटल में दम तोड़ा दिया। उसे बचाने का प्रयास करने वाला छात्र भी काफी झुलस गया। छात्रा ने सहायक समीर साहू के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करवाई थी। घटना के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया जबकि प्राचार्य व शिक्षा विभाग के प्रमुख को निलंबित कर दिया। यूनिसेफ की रपट कहती है, भारत में उन्नीस साल से कम उम्र 42 प्रतिशत लड़कियों की यौन शोषण होता है। द लैंसेट जरनल द्वारा 1990 से 2023 के दरम्यान किए गए अध्ययन में पाया गया कि भारत में 30 प्रतिशत से अधिक लड़कियां व 13 प्रतिशत लड़के 18 साल का होने से पहले यौन हिंसा का शिकार होते हैं। पीड़ितों को तनाव, भय व मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से ता-उम्र जूझना पड़ता है। स्कूल-कॉलेज, कार्यस्थल से लेकर कुटुंब के भीतर तक हो रही यौन हिंसा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की बातें लंबे अरसे से की जा रही हैं। कॉलेज परिसर में खुद को आग लगाने को मजबूर इस छात्रा की शिकायत के प्रति प्रबंधन व प्राचार्य का रुख बेहद आम है जिससे छात्रों/युवाओं को बचाने व पूरी तरह सुरक्षा प्रदान करने की जरूरत है। शिक्षण संस्थानों से लेकर कार्यस्थलों तक कार्यरत आतंरिक समितियां बहुधा इसी तरह ढुल-मुल रवैया रखती हैं। मगर राज्यों में बने महिला व मानवाधिकार आयोगों के गैर-जिम्मेदाराना बर्ताव पर सरकारें चुप्पी साधे रखती हैं जबकि ये मामले त्वरित सुलटाए जाने की जरूरत होती है क्योंकि इसका सीधा असर छात्र की शिक्षा व मानसिक स्थिति पर होता है। उज्ज्वल भविष्य का उसका स्वप्न इससे चौपट हो सकता है। बेशक, आरोपी के लिए भी मामले का निपटान शीघ्र आवश्यक है क्योंकि सिर्फ अन्य विद्यार्थी ही नहीं इससे प्रभावित होते बल्कि दोषी व आरोपी दोनों को ही साक्ष्यों, सहयोगियों, परिचितों व माजी के बर्ताव के आधार पर परख कर मानसिक प्रताड़ना से मुक्त करने का भी त्वरित प्रयास होना चाहिए। आत्मदाह करने वाली छात्रा की मानसिक दशा व अन्याय बर्दाश्त करने की सीमा को बेहद मानवीय व संवेदनशील तरीके से समझने की आवश्यकता है। प्रबंधन, लापरवाह व्यवस्था, सरकारों, न्याया प्रक्रिया से लेकर समूचे समाज को इस पर मंथन करना चाहिए।

## नशा मुक्त युवा, विकसित भारत का सारथी

**डॉ. मनसुख मांडविया**

कहा जाता है कि अगर किसी देश को आगे बढ़ना है, विकसित होना है, तो उसका युवा सशक्त और समर्थ होना चाहिए। विश्व में भारत ऐसा देश है, जहां सबसे अधिक युवा आबादी है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि अगर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो उसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हमारी युवा शक्ति ही निभाएगी। देश के विकास की रफ्तार युवाओं की ऊर्जा, विचार और संकल्प से ही तय होती है। लेकिन आज राष्ट्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, अपने युवाओं को नशे की लत से दूर रखना। वर्तमान में युवा वर्ग नशे के घेरे में आता जा रहा है। यह नशा न केवल उनके स्वास्थ्य बल्कि करियर, सपनों और देश की ताकत को भी प्रभावित कर रहा है। एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 10 से 24 वर्ष की उम्र के हर 5 में से 1 युवा ने कभी न कभी ड्रग्स का सेवन किया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की रिपोर्ट के अनुसार, 8.5 लाख से अधिक बच्चे ड्रग्स की लत का शिकार हैं। ये आंकड़े बेहद डरावने और चिंतन योग्य हैं। ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों के खात्मे के लिए भारत सरकार ने पिछले 11 वर्षों में कई प्रभावी कदम उठाए हैं। 2020 में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने %नशा मुक्त भारत अभियान% की शुरुआत की। नशे की लत को रोकने और पीड़ितों की सहायता के लिए सरकार ने राष्ट्रीय नशा मुक्ति केंद्र और आउटरीच-कम-ड्रॉप-इन सेंटर की स्थापना की। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए गए। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने ड्रग माफिया के विरुद्ध सशक्त ऑपरेशन्स किए। साथ ही, देशभर में युवाओं की काउंसलिंग हेतु हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी स्थापित किए गए। इसके अलावा विभिन्न राज्यों में भी स्थानीय प्रशासन, गैर-सरकारी संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से नशे के विरुद्ध कई बड़े अभियान चलाए जा रहे हैं। भारत इस लड़ाई को और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में मेरा भारत ने एक बड़ी पहल की है। बाबा काशी विश्वनाथ की धरती से 19 से 20 जुलाई तक %युवा आध्यात्मिक समिट% का आयोजन किया जा रहा है। इसका थीम होगा %नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत%। वाराणसी के पावन घाटों पर आयोजित होने वाले इस समिट का उद्देश्य, एक ऐसी राष्ट्रीय नीति बनाना है, जो युवाओं के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान को सशक्त बनाए। इस समिट में देशभर की 100 से अधिक आध्यात्मिक संस्थाओं के युवा प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाएं भी इसमें सहभागिता करेंगी। इसके माध्यम से युवाओं को एक ऐसा मंच मिलेगा, जहां वो अपनी आवाज़ को सरकार और नीति निर्माताओं तक पहुँचा सकेंगे। इस समिट में देश की नशे के विरुद्ध लड़ाई को मजबूत करने के लिए विभिन्न सेशन्स आयोजित किए जाएंगे। इसमें नशे की प्रवृत्ति, इसकी प्रकृति, प्रकार, पीड़ितों की जनसांख्यिकी, अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव और सरकार तथा मेरा भारत के युवा स्वयंसेवकों की भूमिका जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श और चर्चा होगी। साथ ही नशे की लत से उबरने वाले युवाओं की प्रेरक कहानियां और उनके अनुभव भी साझा किए जाएंगे, ताकि अन्य युवा उनसे प्रेरणा ले सकें। अंत में एक %काशी डिक्लेरेशन% जारी किया जाएगा, जो अगले पांच वर्षों के लिए नशा मुक्ति अभियान का रोडमैप होगा। इसमें यह तय किया जाएगा कि युवाओं को किस प्रकार नशे से दूर रखा जाए, नशे की गिरफ्त में आए लोगों की कैसे सहायता की जाए और पूरे देश में जागरूकता अभियान को किस तरह तेज किया जाए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हमेशा देश की अमृत पीढ़ी के सपनों का भारत बनाने की बात करते हैं। उनके विजन के अनुरूप, युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा उठाया गया यह कदम, एक समग्र और प्रभावशाली पहल का उदाहरण बनेगा।

# भारत में तेज गति से आगे बढ़ता पर्यटन उद्योग

**प्रह्लाद सबनानी**

भारत में पर्यटन उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए कई वर्षों से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं, परंतु इस क्षेत्र में वृद्धि दर कम ही रही है। क्योंकि, भारत में पर्यटन का दायरा केवल ताजमहल, कश्मीर एवं गोवा आदि स्थलों तक ही सीमित रहा है। परंतु, हाल ही के वर्षों में धार्मिक क्षेत्रों यथा, अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, उज्जैन, हरिद्वार, उत्तराखंड में चार धाम (केदारधाम, बद्रीधाम, गंगोत्री एवं यमुनोत्री), माता वैष्णोदेवी एवं दक्षिण भारत स्थित विभिन्न मंदिरों सहित, बौद्ध धर्म, जैन धर्म एवं सिक्ख धर्म के कई पूजा स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर इन्हें आपस में जोड़कर पर्यटन सर्किट विकसित किए गए हैं। इससे भारत में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से आगे बढ़ा है। विभिन्न देशों से भी अब पर्यटक इन नए विकसित किए गए धार्मिक स्थलों पर भारी मात्रा में पहुंच रहे हैं। योग एवं आयुर्वेद भी हाल ही के समय में विदेशों में काफी लोकप्रिय हो गया है अतः इसकी खोज के लिए विदेशों से कई पर्यटक भारत में धार्मिक पर्यटन करने के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। इससे विदेशी पर्यटन भी देश में तेजी से वृद्धि दर्ज कर रहा है। हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में स्व का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। दिनांक 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में सम्पन्न हुए प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद स्थानीय कारोबारी अपना उज्जवल भविष्य देख रहे हैं। अयोध्या धार्मिक पर्यटन का हब बनाने जा रहा है तथा अब अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र बन जाएगा। जेफ्रीज के अनुसार अयोध्या में प्रति वर्ष 5 करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही तिरुपति बालाजी, काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं।



विश्व के कई अन्य देश भी धार्मिक पर्यटन के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्थाएं सफलतापूर्वक मजबूत कर रहे हैं। सऊदी अरब धार्मिक पर्यटन से प्रति वर्ष 22,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्जित करता है। सऊदी अरब इस आय को आगे आने वाले समय में 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाना चाहता है। मक्का में प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, जबकि मक्का में गैर मुस्लिम के पहुंचने पर पाबंदी है। इसी प्रकार, वेटिकन सिटी में प्रतिवर्ष 90 लाख लोग पहुंचते हैं। इस धार्मिक पर्यटन से अकेले वेटीकन सिटी को प्रतिवर्ष लगभग 32 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आय होती है, और अकेले मक्का शहर को 12,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आमदनी होती है। अयोध्या में तो किसी भी धर्म, मत, पंथ मानने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार की पाबंदी नहीं होगी। अतः अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 5 से 10 करोड़ तक प्रतिवर्ष जा सकती है। एक अनुमान के अनुसार, प्रत्येक पर्यटक लगभग 6 लोगों को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराता है। इस संख्या के हिसाब से तो लाखों नए रोजगार के अवसर अयोध्या में उत्पन्न होने जा रहे हैं। अयोध्या के आसपास विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अब अयोध्या के रूप में वेटिकन एवं मक्का का जवाब भारत में खड़ा होने जा रहा है।

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने भी धरातल पर बहुत कार्य सम्पन्न किया है। साथ ही, अब इसके अंतर्गत एक रामायण सर्किट रूट को भी विकसित किया जा रहा है। इस रूट पर विशेष रेलगाड़ियां भी चलाए जाने की योजना बनाई गई है। यह विशेष रेलगाड़ी 18 दिनों में 8000 किलो मीटर की यात्रा सम्पन्न करेगी, इस विशेष रेलगाड़ी के इस रेलमार्ग पर 18 स्टॉप होंगे। यह विशेष रेलमार्ग प्रभु श्रीराम से जुड़े ऐतिहासिक नगरों अयोध्या, चित्रकूट एवं छतीसगढ़ को जोड़ेगा। अयोध्या में नवनिर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर वैश्विक पटल पर इस रूट को भी रखेगा। इसके पूर्व में केंद्र सरकार ने भी देश के 12 शहरों को हृदय योजना के अंतर्गत भारत के विरासत शहरों के तौर पर विकसित करने की घोषणा की है। ये शहर हैं, अमृतसर, द्वारका, गया, कामाख्या, कांचीपुरम, केदारनाथ, मथुरा, पुरी, वाराणसी, वेल्लांकनी, अमरावती एवं अजमेर। हृदय योजना के अंतर्गत इन शहरों का सौंद्रयीकरण किया जा रहा है ताकि इन शहरों की पुरानी विरासत को पुनर्विकसित कर पुनर्जीवित किया जा सके। इस हेतु देश में 15 धार्मिक सर्किट भी विकसित किये जा रहे हैं। हृदय योजना को लागू करने के बाद से केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने कई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें से अधिकतर परियोजनाओं पर काम भी प्रारम्भ हो चुका है। इन सभी योजनाओं का चयन सम्बंधित राज्य सरकारों की राय के आधार पर किया गया है।

केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा पर्यटन की गति को तेज करने के उद्देश्य से किए जा रहे उक्तवर्णित उपायों के चलते अब भारतीय पर्यटन उद्योग तेज गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारतीय पर्यटन उद्योग ने वर्ष 2024 में 2,247 करोड़ अमेरिकी डॉलर का आकार ले लिया है। वर्ष 2033 तक इसके 3,812 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर तक पहुंचने की सम्भावना है। एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2034 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन उद्योग का योगदान बढ़कर 43.25 लाख करोड़ रुपए का हो जाने वाला है। भारत के हवाईअड्डों पर भारी भीड़ अब आम बात हो गई है एवं हेरिटेज स्थलों पर विदेशी पर्यटकों की भारी भीड़ दिखाई देने लगी है। देश के नागरिक एवं अन्य देशों के पर्यटक भारत में पर्यटन के लिए घरों से बाहर निकलने लगे हैं। भारत में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है एवं आम भारतीयों की डिसपोजेबले आय में भी वृद्धि दर्ज हुई है। अतः भारतीय नागरिक, विदेशी स्थलों पर पर्यटन के लिए जाने के स्थान पर अब भारत में ही विभिन्न स्थलों पर पर्यटन करने लगे हैं। इस बीच देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं का विस्तार भी किया गया है। होटल उद्योग ने भारी मात्रा में होटलों का निर्माण कर पर्यटन स्थलों पर उपलब्ध कमरों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की है। रेल एवं हवाई यात्रा को बहुत सुगम बनाया गया है तथा 4 लेन से लेकर 8 लेन की सड़कों का निर्माण किया गया है, जिससे पर्यटकों के लिए यातायात की सुविधाओं में बहुत सुधार हुआ है। इससे कुल मिलाकर अब भारतीय परिवार अपने घर से बाहर भी घर जैसा वातावरण एवं आराम महसूस करने लगे है। अतः अब भारतीय परिवार वर्ष में कम से कम एक बार तो पर्यटन के लिए अपने घर से बाहर निकलने लगे हैं।

वर्ष 2023 में भारत में अंतरराष्ट्रीय हवाई उड़ानों में 124 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है और 1.92 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए हैं, जो अपने आप में एक रिकार्ड है। विदेशी पर्यटन से विदेशी मुद्रा की आय 15.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 1.71 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गई है। गोवा, केरल, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, पश्चिमी बंगाल एवं पंजाब में देशी पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। अब तो उत्तर प्रदेश भी विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। वर्ष 2022 में 31.7 करोड़ भारतीय पर्यटक उत्तर प्रदेश पहुंचे हैं। वर्ष 2023 में तमिलनाडु में 10 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक पहुंचे हैं। वर्ष 2025 में प्रयागराज में आयोजित किए गए महाकुम्भ मेले के अवसर पर लगभग 66 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी के पावन तट पर आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंचे हैं, जो अपने आप में विश्व रिकार्ड है।

भारत में यात्रा एवं पर्यटन उद्योग 8 करोड़ व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार प्रदान कर रहा है एवं देश के कुल रोजगार में पर्यटन उद्योग की 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। भारत में प्राचीन समय से धार्मिक स्थलों की यात्रा, पर्यटन उद्योग में, एक विशेष स्थान रखती है। एक अनुमान के अनुसार, देश के पर्यटन में धार्मिक यात्राओं की हिस्सेदारी 60 से 70 प्रतिशत के बीच रहती है। देश के पर्यटन उद्योग में लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित की जा रही है जबकि वैश्विक स्तर पर पर्यटन उद्योग केवल 5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज कर रहा है। देश में पर्यटन उद्योग में 87 प्रतिशत हिस्सा देशी पर्यटन का है जबकि शेष 13 प्रतिशत हिस्सा विदेशी पर्यटन का है। अतः भारत में रोजगार के नए अवसर निर्मित करने के उद्देश्य से केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों को विकसित करने हेतु प्रयास कर रही हैं। पर्यटन उद्योग में कई प्रकार की आर्थिक गतिविधियों का समावेश रहता है। यथा, अतिथि सत्कार, परिवहन, यात्रा इंतजाम, होटल आदि। इस क्षेत्र में व्यापारियों, शिल्पकारों, दस्तकारों, संगीतकारों, कलाकारों, होटेल, वेटर, कूली, परिवहन एवं टूर आपरेटर आदि को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं।

केंद्र सरकार के साथ साथ हम नागरिकों का भी कुछ कर्तव्य है कि देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हम भी कुछ कार्य करें। जैसे प्रत्येक नागरिक, देश में ही, एक वर्ष में कम से कम दो देशी पर्यटन स्थलों का दौरा अवश्य करे। विदेशों से आ रहे पर्यटकों के आदर सत्कार में कोई कमी न रखें ताकि वे अपने देश में जाकर भारत के सत्कार का गुणगान करे। आज करोड़ों की संख्या में भारतीय, विदेशों में रह रहे हैं। यदि प्रत्येक भारतीय यह प्रण करे की प्रतिवर्ष कम से कम 5 विदेशी पर्यटकों को भारत भ्रमण हेतु प्रेरणा देगा तो एक अनुमान के अनुसार विदेशी पर्यटकों की संख्या को एक वर्ष के अंदर ही दुगना किया जा सकता है।

# कांवड़ यात्रा के साथ आम यातायात पर भी ध्यान दें

**अशोक मधुप**

अबसे एक दिन बाद 23 जुलाई को शिवरात्रि का पर्व है। लगभग एक सप्ताह से कावंड़ यात्रा चल रही है। सड़कों पर कांवड़ियों के समूह पवित्र नदियों से जल लेकर अपने गन्तव्यों के लिए रवाना हो चुके हैं। शिवरात्रि पर जलाभिषेक के बाद कावंड़ यात्रा पूर्ण हो जाएगी। सड़कों से गुजरते भोले के भक्तों के काफिले अपनी मंजिल पर पंहुचकर अगले छह माह के लिए रूक जाएंगे। जाड़ों में दुबारा शिवरात्रि पड़ेगी, तब ये यात्रा फिर शुरू होगी। फिर कांवड़ियों के काफिलें सड़कों पर होंगे। ज्योतिर्लिंग वाले सभी प्रदेशों में इस यात्रा को देखते हुए व्यापक व्यवस्था की जाती है। अन्य शिवालयों पर भी भारी तादाद में श्रद्धालु जल चढ़ाते हैं। कई बार किसी कांवड़ से किसी के टकराने या कावड़िए के दुर्घटनाग्रस्त होने पर कावड़िए प्रायः हंगामा करते हैं। कई जगह तोड़-फोड आगजनी आदि पर उतर आते हैं, इसलिए प्रशासन पहले से सचेत रहता है। केंद्र में भाजपा सरकार आने और कई प्रदेशों में भाजपा की सरकार होने के बाद से इस कांवड़ यात्रा पर विशेष ध्यान दिया जाने लगा। इनके लिए आने-जाने के मार्ग निर्धारित होने लगे। इन कांवड़ियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाने लगा। अधिकतर महत्वपूर्ण मार्ग इनके लिए आरक्षित किए जाने के कारण इन मार्ग के वाहन दूसरे मार्ग पर भेजे जाने लगे। इससे आम लोगों को परेशानी होने लगी। तीन घंटे का रास्ता छह से सात घंटे में पूरा होने लगा। वाहनों को 60 से 70 किलो मीटर ज्यादा चलना पड़ा। वाहनों के ज्यादा चलने के तेल ज्यादा लगा। तेल का ज्यादा लगना राष्ट्रीय नुकसान है और व्यक्ति की समय की बरबादी। व्यवस्था ऐसी बनाई जाए कि कांवड़ यात्रा भी निर्विघ्न रूप से पूरी हो और दूसरे वाहन और यात्रियों को कोई परेशानी न हो। नियमित यातायात इस यात्रा के दौरान सुगमता से चलता रहे।

आज हालत यह है कि कई दिन से उत्तर प्रदेश- दिल्ली एनसीआर और उत्तरांचल के मार्गों पर दिन में ट्रकों की आवाजाही बंद है। सड़कों के किनारे ट्रकों की लंबी-लंबी लाइन लगी है। पूरे दिन वह सड़क किनारे खड़े रहते हैं। रात में उन्हें चलने की अनुमति मिलती है। इस प्रक्रिया से राष्ट्र की कितनी शक्ति व्यर्थ जाती है, इसका अनुमान लगाया जा सकता है।



शिवरात्रि भगवान शिव का पर्व है। यह पर्व पूरे भारत वर्ष में मनाया जाता है। करोड़ों की संख्या में शिव के उपासक पवित्र नदियों के स्थलों से उनका जल कांवड़ में लेकर आते और शिवालयों पर जाकर चढ़ाते हैं। ज्योतिर्लिंग पर तो शिवरात्रि पर जल चढ़ाने के साथ उत्तर भारत क्या पूरे देश में यह पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। कांवड़ यात्रा कई ङ्कदिन चलती है। सड़कों पर कावड़ियों का रेला ही रेला दिखाई देता है। श्रद्धालु कावंड़ियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराकर पुण्य लाभ पाने के लिए तत्पर रहतें हैं। ये कांवड़ियों मार्ग पर उनके खानेङ्कपीने की ठहरने आदि की निशुल्क व्यवस्था करते हैं। भंडारे लगाते हैं। यात्रा पर निकलने से पहले कावंड़िए तैयारी करते हैं। कांवड़, उसके सजाने आदि और अपनी यात्रा का सामान खरीदते हैं। अपने साथ चलने वाले वाहन किराए पर लेते हैं। इन पर किराए का म्युजिक सिस्टम लगाते हैं। कांवडिए की अलग तरह की भगवा रंग की टी शर्ट चल पड़ी। इसका ही अब लाखों रूपये का कारोबार बन गया। कांवड़ यात्रा से हजारों लोगों का रोजगार चलता है। इस यात्रा पर खरबों रूपये का बिजनेस होता है। इसलिए ये यात्रा होनी चाहिए। इस यात्रा की व्यवस्थाएं भी भव्य होनी चाहिए। कांवड़ियों की व्यापक सुरक्षा और बढ़िया मार्ग की व्यवस्था होनी चाहिए। जगह-जगह आपातकाल में इनके उपचार के प्रबंध हों । इनकी सुविधा के लिए कोई कसर उठकर नही रखी जानी चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस व्यवस्था पर स्वंय नजर रखते हैं। वे कांवड़ियों पर फूलों की वर्षा भी करते हैं।

उत्तर भारत में सावन की शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहता है। कांवड़ यात्रा के कारण उत्तर भारत में यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है। हरिद्वार प्रशासन के अनुसार पिछले साल साढ़े चार करोड़ से ज्यादा शिवभक्त जल लेने हरिद्वार पंहुचे। 2023 में चार करोड़ श्रद्धालु आए थे। ये यात्रा अभी चल रही है, अनुमान है कि इस बार अकेले हरिद्वार से ही कांवड़ लाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पांच करोड़ से ज्यादा हो जाएगी, किंतु कुछ स्थानों पर पूरे सावन कांवड़ चढ़ती हैं। श्रद्धालु के समूह हरिद्वार आते और जल लेकर अपने गंत्व्यों की ओर रवाना होते रहते हैं।

उत्तर भारत की इस कांवड़ यात्रा को देखते हुए उत्तरांचल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा सरकार व्यापक व्यवस्थाएं करती हैं, किंतु यात्रा के समय ये सब व्यवस्थांए बौनी पड़ जाती हैं। इसी कारण कई जगह कांवड़ियों के हंगामा करने की सूचनाएं आती हैं। कुछ जगह तोड़फोड़ और आगजनी तक हो जाती है। इस सबका कारण यात्रा से कुछ पहले तैयारी करना है, जबकि इसके लिए पूरे साल तैयारी की जाती चाहिए। इसके लिए अलग से विभाग होना चाहिए, किंतु ऐसा होता नहीं।

केंद्र और राज्य सरकारों को कावंड़ियों की सुविधा के साथ आम आदमी की सुविधा का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। व्यवस्था की जानी चाहिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान आम यातायात प्रभावित न हो। केंद्र एक्सप्रेस वे बना रहा है ताकि यातायात के किसी वाहन को परेशानी न हो। इसके लिए कांवड यात्रा वाले प्रदेश की सरकारों का केंद्र के साथ मिल बैठ कर प्लान करना चाहिए। कावंड यात्रा वाले मार्ग पहले ही इस तरह बनाए जांए कि उसकी साइड से आम यातायात सुगमता से अनवरत चलता रहे। कांवड यात्रा वाले मार्ग पर कांवड़ यात्रियों के लिए पहले से ही दो अलग लेन बनाकर रखी जा सकती हैं। यात्रा के समय में इन पर कांवड़िए और उनके वाहन चलें, बाद में ये लेन आम ट्रैफिक के लिए प्रयोग हों। कांवड़ यात्रा वाले मार्ग पर कांवड़ यात्रियों के आराम रूकने के स्थान पहले से चिंहित हों। स्थान ऐसे हों कि यहीं कांवड़ शिविर भी लग सकें।

1990 के आसपास कांवड़ यात्रा का इतना प्रचलन नहीं था। आज यह बढ़ता जा रहा है। अब साढे चार करोड़ के आसपास कांवड़िए हरिद्वार से कांवड़ ला रहे हैं। इनकी बढ़ती संख्या को देखते हुए हो सकता है कि आने वाले कुछ सालों में यह संख्या बढ़कर दुगनी या उससे भी ज्यादा हो जाए। इसलिए हमें अभी से इसके लिए व्यवस्था बनानी होगी। प्लानिंग करनी होगी। हरिद्वार आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए हरिद्वार के लिए अतिरिक्त ट्रेन चलानी होंगी। कावंड़ यात्रा के समय आम यात्री को कांवडियों की भीड़ के कारण भारी परेशानी होती है। ट्रेन के साथङ्कसाथ इनकी संख्या को देखते हुए स्पेशल बसे चलाईं जांए। कांवड़ यात्रा के कारण छात्रों की परेशानी को देखते हुए कई जगह स्कूल कॉलेज बंद करने पड़तें हैं। शहरों के स्थानीय निवासियों की गतिविधि और आवागमन प्रभावित होता है, व्यवस्था ऐसे बनाई जाए कि कांवड़ यात्रा भी चले और उस क्षेत्र के आम निवासी की गतिविधि और दिनचर्या भी प्रभावित न हों। इस पार उत्तर प्रदेश और उत्तरांचल सरकार ने हुडदंग करने वाले कांवड़ियों के विरूद्ध कार्रवाई शुरू की है। ये व्यवस्था तो पहले से होनी चाहिए। भगवान शिव के भक्तों को तो बहुत सरल और सौम्य होना होगा।

# सनातन धर्म में हर एक पूजा का खास महत्व

सनातन धर्म में लगभग हर एक पूजा खास और महत्वपर्ण है। सावन वाला ये महीना भी बेहद ही खास होता है। शिवभक्त इस पूरे महीने भगवान शिव की पूजा करते हैं। कई लोग व्रत रखकर इसे और खास बनाते हैं। सावन के महीने के शुरू हुए 1 हफ्ते पूरे होने जा रहे हैं। लोगों ने पहला सोमवार व्रत भी रख लिया गया है। वहीं जल्द ही लोग दूसरे सोमवार व्रत की तैयारी करते दिखेंगे। बता दें कि सावन में सोमवार का व्रत रखना खास माना जाता है। लोग इस व्रत को रखते हुए कई तरह की चीजों का ध्यान रखते हैं। वहीं अगर गलती से भी अगर किसी का ये व्रत टूट जाता है तो कभी सोचा है कि क्या करना चाहिए? चलिए जानते हैं आखिर हिंदू शास्त्रों में क्या लिखा हुआ है?

### सावन सोमवार व्रत से क्या होता है?

सबसे पहले जानते हैं कि आखिर सावन सोमवार का व्रत क्यों रखा जाता है? बता दें कि सावन सोमवार का व्रत कोई भी रख सकता है। इससे मानसिक शांति और खुशी मिलती है। जो भी इस व्रत को रखता है, उसे धन धान्य की कोई कमी नहीं होती है। शादीशुदा महिलाएं अपने वैवाहिक जीवन को मजबूत बनाए रखने के लिए इस व्रत को रखती हैं। वहीं माना जाता है कि अगर कुंवारी कन्याएं इस व्रत को रखती हैं तो मनचाहे साथी के साथ उनका विवाह होता है।

### व्रत टूटने पर करें ये काम

अगर गलती से भी आपका ये व्रत टूट जाता है तो परेशान ना हो। भगवान शिव दयालु होने के साथ-साथ भोले भी हैं। अगर सच्चे मन से कोई प्रार्थना की जाए या माफी मांगी जाए तो वो तुरंत सुनते हैं। शास्त्रो के अनुसार भगवान शिव से माफी मांगकर अगले व्रत को दोबारा शुरू कर सकते हैं। महा शिवपुराण में भी लिखा हुआ है कि आखिर व्रत टूटने पर क्या किया जाना चाहिए? इस महानग्रंथ में लिखा है कि अगर गलती से भी व्रत टूट जाए तो महामृत्युंजय मंत्र का जाप कर लेना चाहिए।

### हवन और दान से भी मिलेगा पुण्य

आप घर में छोटा सा एक हवन भी कर सकते हैं। इसके अलावा आप दान भी करेंगे तो इसका लाभ मिलेगा। मंदिर या आसपास के जरूरतमंदों को खाना और कपड़े दे सकते हैं।



अगर आप सावन के सारे सोमवार व्रत रखना चाह रहे थे और आपके मन में गिल्ट है तो आप सावन के बाद किसी दूसरे सोमवार को भी व्रत रख सकते हैं। शर्त सिर्फ ये है कि जो भी करें मन से करें ताकि भगवान शिव प्रसन्न हो जाएं।

हिन्दू धर्म में दीपक का विशेष महत्व है. दीपक जलाने को बहुत ही शुभ कार्य माना जाता है. जब भी कोई शुभ मुहूर्त होता है या फिर भगवान की पूजा हो तो दीपक जलाया जाता है. दीपक जलाने को देवी-देवताओं के आह्वान का प्रतीक माना गया है. दीया जलाते समय कई बार हम तेल का उपयोग करते हैं. यूं तो सरसों और तिल के तेल का दीया जलाना सबसे ज्यादा शुभ माना गया है, लेकिन अलसी के तेल का दीया जलाना भी लाभकारी माना गया है. अलसी के तेल का दीया जलाना शुभ होता है. ये कब और कहां जलाना चाहिए?



# अलसी के तेल का दीपक जलाना बेहद शुभ

### मां लक्ष्मी होती हैं प्रसन्न

अलसी मां लक्ष्मी को प्रिय है. ऐसे में अलसी के तेल का दीया जलाने से घर में सुख-समृद्धि का वास होता है. मां लक्ष्मी का घर में निवास होता है. घर की आर्थिक स्थिति सुधरने लगती है और कर्ज, तंगी, अधिक खर्च आदि समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है, इसलिए दीपक जलाते समय इस बात का ध्यान रखें कि दीपक हमेशा अलसी के तेल का ही जलाना चाहिए.

### क्या होता है फायदा

अलसी के तेल से दीपक जलाने का अर्थ होता है- धन लाभ के योग बन रहे हैं. धन प्राप्ति के नए रास्ते खुलते हैं. नौकरी करने वालों की तरक्की होती है और आय में वृद्धि होती है. घर में अलसी के तेल का दीया पश्चिम और पूर्व दिशा में जलाना चाहिए.

### इस देवता का प्रतीक है यह दिशा

पश्चिम दिशा मां लक्ष्मी के साथ-साथ



शनिदेव की भी मानी जाती है. ऐसे में इस दिशा में अलसी के तेल का दीया जलाने से शनि दोष से मुक्ति मिलती है. शनिदेव प्रसन्न होकर अपनी कृपा बरसाने लगते हैं.

### कहां-कहां जलाना चाहिए दीपक

घर के मुख्य द्वार, घर के मंदिर वाले कमरे और तुलसी के पास भी अलसी का दीया जला सकते हैं. इन स्थानों पर अलसी के तेल का दीया जलाने से घर की नकारात्मकता दूर होती है और धन बाधित करने वाले दोष दूर होते हैं. ग्रह दोष भी नष्ट होता है, इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि दीपक जलाते समय अलसी के तेल का उपयोग करना चाहिए.

# हर मौसम में पैरों की देखभाल जरूरी

हर मौसम में चेहरे का ख्याल रखने के साथ ही पैरों का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है। क्योंकि इस दौरान तपती धूप और धूल के कारण पैर काफी गंदे और काले हो जाते है। अगर पैर साफ ना हों तो ये काफी खराब दिखते हैं और लुक को भी बिगाड़ सकते हैं। पैरों की रंगत को गोरा रखने और उन्हें साफ बनाए रखने के लिए इन बातों को अपनाएं।



- अपने पैरों की सही देखभाल शुरू करने का सबसे अच्छा तरीका अच्छी हाईजीन की प्रेक्टिस करना है।
- ऐसे में नहाते समय पैर को साबुन और गर्म पानी से अच्छी तरह साफ करें।
- नहाने के बाद पैरों को मुलायम तौलिये से थपथपाकर पूरी तरह सुखाएं, नमी वाली जगह पर फंगल पनपते हैं।
- हमेशा साफ मोजे और जूते पहनें, जो आपके पैरों को सांस लेने में मदद करें, खासकर अगर आप दिन में बहुत ज्यादा खड़े रहते हैं।
- पब्लिक प्लेस पर नंगे पैर चलने से बचें।
- ड्राई, डेड स्किन से छुटकारा पाने के लिए एक्सफोलिएटिंग फुट स्क्रब का इस्तेमाल करें।
- ड्राई स्किन वाले लोग चीनी आधारित स्क्रब का इस्तेमाल करें, क्योंकि नमक वाले स्क्रब से स्किन और भी ज्यादा ड्राई हो सकती है।
- अपने पैरों पर रोजाना प्यूमिक स्टोन का इस्तेमाल करने से भी एक्सफोलिएशन में मदद मिलती है।
- सोने से पहले मॉइस्चराइजिंग फुट क्रीम यूज करें। - दिन के दौरान हल्के, मजबूत जूते पहनें जो आपके पैरों को आराम दें।
- पैरों को कैसे साफ करें
- एक टब में गर्म पानी भरें और इसमें शैम्पू की कुछ बूंदें और एक एंटीसेप्टिक घोल मिलाएं।
- अब अपने पैरों को कम से कम 10 मिनट के लिए पानी में भिगोकर रखें ताकि जमा हुई गंदगी नरम हो जाए।
- पैर के नाखूनों को साफ करने के लिए नेल ब्रश का इस्तेमाल करें।
- एड़ियों और पैरों के तलवों के लिए फुट स्क्रबर का इस्तेमाल करें।
- पैर के नाखून बहुत लंबे हों तो उन्हें काट लें।
- पैरों को धीरे से थपथपाकर सुखाएं।
- अब मॉइस्चराइजर लगाएं और मालिश करें।

# लहसुन और गुड़ के लाभ



लहसुन सदियों से रसोई का हिस्सा रहा है. इस जड़ी-बूटी में जीवाणुरोधी और एंटीसेप्टिक प्रकृति के कारण औषधीय गुण हैं. लहसुन के लाभकारी गुण एलिसिन नामक यौगिक के कारण होते हैं. यह फॉस्फोरस, जिंक, पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे खनिजों से भरपूर है. लहसुन में विटामिन सी, के, फोलेट, नियासिन और थायमिन भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं. ऐसे में आप इसको गुड़ के साथ खाते हैं, तो आपके शरीर में जमे खराब कोलेस्ट्रोल आसानी से बाहर निकल आएंगे.

- लहसुन को गुड़ के साथ खाते हैं, तो फिर आपको वजन घटाने में मदद मिलेगी. दरअसल, लहसुन में मौजूद गुण मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करते हैं. इससे शरीर में बैड कोलेस्ट्रोल कम होते हैं. इससे खून की कमी भी दूर होती है. यह हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने का भी काम करता है.
- लहसुन में पाया जाने वाला एलिसिन नामक यौगिक एलडीएल (खराब कोलेस्ट्रॉल) के ऑक्सीकरण को रोकता है. इससे कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है और हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है.
- कच्चे लहसुन को आहार में शामिल करने से पाचन संबंधी समस्याएं बेहतर होती हैं। इससे आंतों को फायदा होता है और सूजन कम होती है.
- लहसुन में मौजूद जिंक रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देता है. विटामिन सी संक्रमण से लड़ने में मदद करता है. यह आंख और कान के संक्रमण के खिलाफ बहुत फायदेमंद है क्योंकि इसमें रोगाणुरोधी गुण हैं.



# बालों की लंबाई बढ़ाने के लिए लगाएं टोनर

लंबे बाल हर किसी को पसंद होते हैं। लेकिन कई बार बालों की ग्रोथ रुक जाती है, जिसकी वजह से समस्या हो सकती है। ऐसे में हेल्दी ग्रोथ के लिए सही पोषण के साथ देखभाल करना जरूरी है।बालों की केयर ना करने पर बाल काफी बेजान और ड्राई होने लगते है। जिसकी वजह से बालों के झड़ने की समस्या होने लगती है। इसे कम करने के लिए और शाइन बनाए रखने के लिए कुछ घरेलू तरीकों को इस्तेमाल किया जा सकता है। बालों की देखभाल करने के लिए आप हेयर टोनर बना सकते हैं। ये बालों की ग्रोथ को बूस्ट करेगा। देखिए कैसे बना सकते हैं हेयर ग्रोथ टोनर-


### सेब के सिरके से बनाएं टोनर

सेब के सिरके में कई जरूरी गुण होते हैं जो बालों की खुसकी और ड्राईनेस कम करने में मदद कर सकते हैं। इस टोनर को बनाने के लिए एक बोतल में 2 गिलास पानी और 4 चम्मच सेब का सिरका मिक्स करें। इसे अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद एक स्प्रे बोतल में भरकर रख दें। फिर शैंपू करने से आधे घंटे पहले टोनर को स्कैल्प पर स्प्रे करें और फिर कुछ देर के लिए मालिश करें। कुछ देर रहने के बाद गुनगुने पानी का इस्तेमाल करते हुए बाल धो लें। इस दौरान किसी माइल्ड शैम्पू का इस्तेमाल करें।

### ग्रीन टी से बनाएं टोनर

ग्रीन टी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लामेटरी गुण होते हैं। ये बालों की ड्राइनेस दूर करने और बालों का झड़ना रोकने में मदद करते हैं। इसे बनाने के लिए एक बाउल में पानी डालकर गर्म करें। अब इसमें ग्रीन टी के बैग डालें और पानी का रंग बदलने तक गर्म करें। जब रंग बदल जाए तो इसे हल्का ठंडा होने दें और स्प्रे बोतल में डालकर रख दें। इसे भी शैम्पू करने से पहले बालों में लगाएं।

# हृदय रोग की रोकथाम करेगा एंजाइना X AI



भारत में मृत्यु का प्रमुख कारण बन चुके हृदय रोग से निपटने के लिए एक ऐतिहासिक पहल के तहत, जसलोक अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर ने भारत के पहले एआई-आधारित डॉक्टर असिस्टेंट एंजाइनाX AI के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत, महाराष्ट्र का पहला एआई-सक्षम हृदय रोग रोकथाम मॉडल लॉन्च किया गया है।

यह सहयोग भारत की कार्डियोलॉजी प्रणाली को "देरी से इलाज" की जगह "समय पर रोकथाम" की दिशा में ले जाने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। अब जसलोक के आउट पेशेंट विभागों (ओपीडी) में एंजाइनाX AI तकनीक सक्रिय है, जो डॉक्टरों को कुछ ही सेकंडों में हृदय रोग का जोखिम आंकने की क्षमता देती है, वह भी लक्षणों के प्रकट होने से पहले। यह सिस्टम वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित रिपोर्ट देता है और प्रत्येक रोगी के लिए व्यक्तिगत जीवनशैली और उपचार योजनाएं सुझाता है। हृदय रोग लाखों भारतीयों को प्रभावित करता है और अक्सर देर से पहचाना जाता है, जिससे इलाज मुश्किल हो जाता है। जसलोक अस्पताल और एंजाइनाX AI का यह मॉडल रोकथाम को तेज़, स्पष्ट और सुलभ बनाता है, ठीक उसी बिंदु से जहां रोगी सबसे पहले डॉक्टर से संपर्क करता है: यानी ओपीडी से। पद्म भूषण से सम्मानित और जसलोक अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग के निदेशक, डॉ. अश्विन बी. मेहता, ने कहा, "दशकों से, कार्डियोलॉजी ने क्षति नियंत्रण पर ध्यान केंद्रित किया है। लेकिन अब एडवांस्ड एआई की मदद से हम क्षति शुरू होने से पहले ही खतरे का आकलन कर सकते हैं। यह मॉडल केवल नवाचार नहीं है पर इलाज की समयरेखा को पुनर्परिभाषित कर रहा है।" एंजाइना X सिस्टम 20 से भी अधिक महत्वपूर्ण क्लीनिकल और जीवनशैली से जुड़े संकेतकों का मूल्यांकन करती है, जिसमें विस्तारित लिपिड प्रोफाइल, ब्लड शुगर, सूजन संबंधी बायोमार्कर, मेटाबोलिक जटिलताएं, पारिवारिक इतिहास और जीवनशैली पैटर्न शामिल हैं। यह प्रणाली प्रमाणित भारतीय डेटा पर आधारित एक संरचित रिपोर्ट तैयार करती है जिसमें व्यक्तिगत जोखिम का मूल्यांकन, रोगी-विशिष्ट जांच सिफारिशें और स्पष्ट, क्रियाशील उपचार एवं फॉलोअप मार्गदर्शन शामिल होता है।

# बच्चों को जरूर सिखाएं ये फ्रेंडशिप स्किल

मेंटल हेल्थ के लिए सोशल स्किल बढ़ाना आज की जरूरत बन गई है. इसकी ट्रेनिंग बचपन से ही देना फायदेमंद रहता है. जब बच्चे अपने माता पिता को लोगों से मिलते जुलते देखते हैं या दोस्त होने के महत्व को समझते हैं तो वे भी दोस्ती करने के लिए लोगों से मिलते जुलते हैं और अपने उम्र के बच्चों के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ाते हैं. दरअसल कई बार माता पिता बच्चों के प्रति कुछ ज्यादा ही प्रोटेक्टिव रहते हैं और उन्हें अकेला नहीं छोड़ते और उनकी उम्र के बच्चों के साथ घुलने मिलने नहीं देते. स्कूल के अलावा वे घर पर ही सारे ट्यूशन लगा देते हैं. ऐसे में बच्चे सोशल नहीं हो पाते और दूसरों से शर्माने लगते हैं. ऐसे बच्चों को जीवनभर दोस्ती करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है. ऐसे हालात से बचने के लिए माता पिता के लिए जरूरी है कि वे बच्चों को दोस्ती करना सिखा दें.बच्चों को जरूर सिखाएं ये फ्रेंडशिप स्किल-

### दोस्ती का महत्व बताएं

छोटे बच्चों को आप दोस्ती का महत्व बताएं और यह सिखाएं कि दोस्त होने का मतलब है केयर करना, शेयर करना, अच्छा श्रोता बनना और अगर दोस्त अपसेट है या परेशान है तो उसे बेहतर महसूस कराने की कोशिश करना.

### दोस्तों के साथ अच्छा बरताव

बच्चों के लिए उनके माता पिता सबसे अच्छे रोल मॉडल होते हैं, इसलिए आप बच्चों को बताएं कि किस तरह आपके दोस्त ने आपकी परेशानी को दूर कर दिया, आपकी चीजों का ख्याल रखा और आप अपने दोस्तों की कितनी परवाह करते हैं.

### मिलना-जुलना जरूरी

बच्चों को अपने दोस्तों के साथ कुछ साथ में वक्त गुजारने का मौका दें. अगर बच्चे अपने किसी दोस्त से पार्क या ग्राउंड में मिलना चाहता है तो उसे मोटिवेट करें और उन्हें अपने उम्र के दोस्तों के बीच एक्टिविटी में हिस्सा लेने के लिए मौका दें.

### सिखाएं नए दोस्त बनाने का तरीका


आप अपने बच्चों को बता सकते हैं कि जब भी किसी से मिलें तो मुस्कुराहट के साथ मिलें और गर्म जोशी के साथ अपना नाम बताएं. उसकी मदद करने का प्रयास करें और घर या खेलने वाली जगह पर भी इनवाइट करे.

### शेयरिंग और केयरिंग

बच्चों को शेयर करना घर से ही सिखाना जरूरी है. इस तरह बच्चे को अपने खिलौने, किताबें आदि शेयर करने का महत्व बताएं और खुद के इमोशन पर कंट्रोल करना बताएं.



# पुरुषों के लिए स्किन केयर टिप्स



गर्मी के मौसम में सिर्फ महिलाओं की ही त्वचा खराब नहीं होती, बल्कि पुरुषों की भी स्किन पर कड़ी धूप का नेगेटिव असर होता है. जो पुरुष ऐसा सोचते हैं कि उन्हें स्किन केयर की जरूरत नहीं तो वो गलत हैं. हर किसी की स्किन संवेदनशील होती है. धूप हर किसी की त्वचा को एक-समान ही नुकसान पहुंचा सकता है. अधिकतर पुरुषों को काम से घर के बाहर जाना पड़ता है. दिन भर दौड़ भाग करनी होती है, ऐसे में डायरेक्ट सन एक्सपोजर से आपकी स्किन भी झुलस सकती है. तो चलिए जानते हैं पुरुषों को गर्मी में अपनी स्किन केयर रुटीन में किन बातों का ख्याल रखना चाहिए.

1 पुरुष महिलाओं से अधिक घर से बाहर रहते हैं. कुछ लोगों का तो काम ही ट्रैवल करने का होता है. ऐसे में गर्मी में आपको अपनी त्वचा का विशेष ख्याल रखने की जरूरत है. दिन भर में दो से तीन बार अपनी त्वचा को पानी से साफ करें. इससे त्वचा और पोर्स में जमी धूल, गंदगी साफ होगी. एक्स्ट्रा ऑयल भी निकल जाएगा. अधिक हार्श साबुन के इस्तेमाल से बचें वरना स्किन बहुत ड्राई लगेगी.

2 जब भी आप घर से बाहर निकलें तो सनस्क्रीन लोशन जरूर लगाएं. ऐसा नहीं कि सनस्क्रीन पुरुष नहीं सिर्फ महिलाएं ही लगा सकती हैं. इससे आपकी स्किन टैन नहीं होगी. सनबर्न का असर नहीं होगा. अपनी स्किन टाइप के अनुसार आप सनस्क्रीन लोशन का इस्तेमाल करें.

3 आप चाहें तो स्क्रब भी इस्तेमाल कर सकते हैं. इससे स्किन, पोर्स में छिपी गंदगी आसानी से साफ हो जाती है. पोर्स खुलते हैं. स्क्रब करने से डेड स्किन सेल्स भी हट जाते हैं. आप सप्ताह में दो बार डीप एक्सफोलिएशन के लिए स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं. आपकी त्वचा भी बहुत साफ-सुथरी नजर आएगी.

4 महिलाओं की तरह पुरुषों को भी टोनर अप्लाई करना चाहिए. चूंकि, पुरुषों की स्किन अधिक टाइट, मोटी होती है, ऐसे में टोनर लगाना जरूरी होता है. इसे लगाने से रोमछिद्र साफ होते हैं. आप चाहें तो किसी स्किन एक्सपर्ट से कंसल्ट कर सकते हैं.

5 मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करते हैं तो जरूर करें. इससे स्किन में नमी बनी रहती है. त्वचा ड्राई नहीं होती है. झुर्रियों, झाइयों से बचाव हो सकता है. अच्छी क्वालिटी का लाइटवेट मॉइश्चराइजर लगाने से स्किन संबंधित कई अन्य समस्याएं जैसे दाग-धब्ब, मुंहासे, रूखापन आदि से भी छुटकारा मिल सकता है.

6 गर्मी के दिनों में हर दिन दाढ़ी शेव करने से बचना चाहिए. इससे त्वचा ओवरएक्टिव होती है और स्किन की मरम्मत सही से नहीं हो पाती है. शेविंग करने से स्किन साफ रहती है, जिससे सूरज की हानिकारक यूवी किरणें डायरेक्ट त्वचा पर पड़ती है. इससे त्वचा डैमेज हो सकती है. ऐसे में हल्की दाढ़ी रहे तो बेहतर है. दाढ़ी बनाने के बाद आफ्टर शेव जरूर यूज करें. इससे त्वचा में नमी बनी रह सकती है.

## संक्षिप्त समाचार

### वरिष्ठ पत्रकार ओपी चंद्राकर की बिगड़ी तबीयत, रामकृष्ण में उपचार जारी



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार ओपी चंद्राकर की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें उपचार के लिए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। जानकारी के मुताबिक पत्रकार चंद्राकर को सीने में तेज दर्द महसूस हुआ था, जिसके चलते तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया। वरिष्ठ पत्रकार ओपी चंद्राकर की हालत अब पहले से बेहतर बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम वे कार्यालय में ही थे, रात करीब 9 बजे उन्हें सीने में दर्द हुआ। कार्यालय में मौजूद कर्मियों ने उनकी बिगड़ती स्थिति को देखते हुए तत्काल उन्हें उपचार के लिए रामकृष्ण अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मेडिकल इमरजेंसी बताई और उन्हें दाखिल कर उपचार शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि उपचार के दौरान उनका एक छोटा ऑपरेशन भी करना पड़ा, जिसके बाद 24 घंटों के ऑब्जर्वेशन में रखा गया था। अब वरिष्ठ पत्रकार ओपी चंद्राकर की स्थिति पहले से बेहतर बताई जा रही है, लेकिन फिलहाल उन्हें कुछ दिनों के लिए डॉक्टरों की निगरानी में रखा जाएगा।

### तंबाकू उत्पाद नियम कोटपा का उल्लंघन करने वालों पर हुई कार्यवाही



**सारंगढ़ बिलाईगढ़, (समय दर्शन)** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर महोदय डॉ संजय कनोंजे के निर्देश और सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला के मार्गदर्शन में कोटपा अधिनियम 2003 के तहत कार्यवाही किया गया। इस कार्य में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के सहयोग से पुलिस बल का सहयोग किया गया। प्रवर्तन दल के द्वारा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में संचालितपान ठेलो और शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में छापा मारकर चालानी कार्यवाही किया गया। कोटपा अधिनियम 2003 के नियमों के उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर भी जुर्माना किया गया गया। तंबाकू उत्पाद से संबंधित विज्ञापनों को ग्रामों व शहरों से हटवाया गया। 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के द्वारा क्रय-विक्रय सहित उपभोग करने पर सख्ती से कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार थोक विक्रेताओं को नियम अनुसार विक्रय करने और किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा कोटपा अधिनियम का उल्लंघन कर रहे उन पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिया जा रहा है। प्रवर्तन दल के द्वारा सारंगढ़ ब्लॉक में धारा 4, धारा 6 ए और 6 बी के तहत कुल 28 चालान, चालान राशि रुपए 6100 ब्लॉक बरमकेला में कुल 9 चालान चालान राशि रुपए 1800 का चालान जमा करवाया गया। प्रवर्तन दल में डॉ. इन्दु सोनवानी जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, डॉ कीर्ति भगत, डॉ हितेश पैंकरा, सुरेश कुमार यादव, आरक्षक शकुंतला जायसवाल, दिनेश कुमार मिनकेतन पटेल उपस्थित थे।

### कृषि महाविद्यालय बेमेतरा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन




**बेमेतरा (समय दर्शन)।** रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया, में अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सी. एच. सी. खंडसरा, स्वास्थ्य विभाग की टीम की सहायता से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 21 जुलाई 2025 को महाविद्यालय प्रांगण में किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य दैनिक स्वास्थ्य समस्याओं को रोकना तथा समस्याओं को शुरू होने से पहले ही पहचानना है और विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य संबंधी जाँच जैसे ब्लड ग्रुप, शुगर जाँच, हीमोग्लोबिन, सिक्लीन, एवं बी.पी. जाँच के साथ-साथ स्वास्थ्य परामर्श और दवाईयों का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम सी. एच. सी. से डॉक्टर शरद कोहाड़े, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर खंडसरा, डॉ. ज्योति वर्मा, डॉ. अभिषेक यादव, एवं अन्य कर्मचारी श्री मनीष साहू, श्रीमति दीपा विश्वकर्मा की सहायता से सम्पन्न हुआ। जिसमें महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम को सफल बनाया।

# कलेक्टर का औचक निरीक्षण 20 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित, नोटिस और वेतन कटौती के निर्देश


### खनिज शाखा की खनिज अधिकारी अनुपस्थित, सूचना अधिकार के पालन में भी लापरवाही उजागर

**मुंगेली( समय दर्शन )**जिला कलेक्टर कुन्दन कुमार ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित समाज कल्याण, उद्योग, शिक्षा सहित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीन अनुशासन की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान 20 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने इस लापरवाही पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया और सख्त लहजे में कहा कि कार्यालयों में उपस्थिति में पारदर्शिता और नियमितता आवश्यक है।

विशेषकर शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी चंद्र कुमार घृतलहरे, जिला मिशन समन्वयक ओ.पी. कौशिक, सहायक जिला परियोजना अधिकारी अजय नाथ सहित अन्य कर्मचारी जैसे सहायक परियोजना समन्वयक, प्रोग्रामर, सहायक ग्रेड-2 एवं 3, कंप्यूटर ऑपरेटर, भृत्य आदि अनुपस्थित पाए गए।

समाज कल्याण विभाग और जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के भी वरिष्ठ अधिकारी, उपसंचालक एवं महाप्रबंधक बिना सूचना के अनुपस्थित रहे, जिस पर कलेक्टर




ने नाराजगी जाहिर की और उनके विरुद्ध भी कार्रवाई के निर्देश दिए।

गंभीर अनियमितता: अनुपस्थित रहकर भी उपस्थिति दर्ज

समग्र शिक्षा अंतर्गत कार्यरत प्रोग्रामर शशिभूषण पांडेय के विरुद्ध कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाया। उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने के बावजूद उनके कार्यालय में उपस्थित न पाए जाने को गंभीर कदाचार मानते हुए, सेवा से पृथक करने की कार्रवाई करने निर्देशित किया गया।

खनिज शाखा की अनदेखी और सूचना अधिकार की अवहेलना

एक ओर कलेक्टर सभी विभागों में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए औचक निरीक्षण कर रहे हैं, वहीं कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा मुंगेली, जहां खनिज अधिकारी एवं जनसूचना अधिकारी श्रीमती ज्योति मिश्रा पदस्थ हैं, इस निरीक्षण से अछूता रहा।उल्लेखनीय है कि सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 18 जुलाई 2025 को एक आवेदक को पत्र जारी कर कार्यालय में दस्तावेज अवलोकन के लिए आमंत्रित किया गया था। लेकिन जब आवेदक निर्धारित तिथि 21 जुलाई 2025 को कार्यालय में उपस्थित हुआ, तो संबंधित अधिकारी पूरे दिन अनुपस्थित रहीं। आवेदक दिनभर इंतजार करता रहा, लेकिन खनिज अधिकारी कार्यालय नहीं पहुंचीं।

मौखिक रूप से कलेक्टर को अवगत कराने के प्रयास भी विफल रहे क्योंकि मुलाकात का समय नहीं है।कहकर आवेदक को लौटा दिया गया। इसके बाद आवेदक ने लिखित प्रतिवेदन कार्यालय कलेक्टर, अपर कलेक्टर एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी को सौंपते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।अब यह देखना अहम होगा कि जिला प्रशासन, विशेषकर कलेक्टर कुन्दन कुमार और अपर कलेक्टर मुंगेली इस प्रकरण पर कैसी कार्यवाही करते हैं, क्योंकि यह मामला न केवल प्रशासनिक अनुशासन का है, बल्कि सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के स्पष्ट उल्लंघन का भी जीवंत उदाहरण है।

# गौठान की देख-रेख हेतु अधिकारियों को दिए गए दायित्व अनुसार कार्य जारी



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने नेहरू नगर स्थित कोसा नगर गौठान में प्रति दिवस देख-रेख हेतु अधिकारियों की ड्यूटी आदेश जारी किये है। जोन आयुक्त जोन क्रमांक 01 अजय सिंह राजपूत सोमवार, कार्यपालन अभियंता अखिल चंद्राकर मंगलवार, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह बुधवार, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली गुरूवार, उपअभियंता बसंत साहू शुक्रवार, पुरूषोत्तम सिन्हा शनिवार, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला रविवार की ड्यूटी लगायी गयी है। सभी अधिकारीगण निर्धारित दिवस में कोसा नगर गौठान का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कराते हुए संधारित रजिस्टर में टीप करेंगे। जोन क्रमांक 04 आयुक्त अमरनाथ दुबे गौठान निरीक्षण हेतु रिर्जव एवं आकास्मिक निरीक्षण कर सकेगें। संबंधित अधिकारी निर्धारित दिवस का गौ सेवा स्थल पर व्यवस्था की जानकारी एवं निरीक्षण का जियो टैग लोकेशन व्हाट्सअप निगम ग्रुप में शेयर करेंगे। आदेशानुसार संबंधित अधिकारी सौंपे गए दायित्व का निर्वहन करना प्रारंभ कर दिए हैं।

नगर पालिक निगम भिलाई महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के सभी समाज सेवी संस्थाओं, समिति या शहर वासियों से अपील किए हैं कि गौठान के पशुओं के खाने के लिये हरा चारा या दाना का दान इच्छानुसार कर सकते है। जिससे बेजुबान पशुओं की देख-रेख के साथ गौ सेवा में अपनी भागीदारी हो सके।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ ने किया केंद्रीय युवा मंडल का गठन

### महेश सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रांशु क्षत्रिय व पीयूष ठाकुर उपाध्यक्ष नियुक्त

**रायपुर।** रविवार को राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़, रहटादह पंजीयन क्रमांक 1282 द्वारा केंद्रीय कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए रायपुर उत्तर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय युवा मंडल का गठन किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों में महेश सिंह को केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रांशु क्षत्रिय और पीयूष ठाकुर को उपाध्यक्ष, नीरज सिंह ठाकुर को कोषाध्यक्ष, अमन सिंह ठाकुर को उपसचिव, मंगल सिंह को संगठन सचिव, समित सिंह राजपूत को सह सचिव तथा सत्यम सिंह को प्रचार सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस, केंद्रीय कोषाध्यक्ष नीरज सिंह क्षत्रिय,



केंद्रीय युवा अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर एवं केंद्रीय सचिव महेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर व फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी सदस्यों ने समाज के विकास व उत्थान के लिए अपने पद की जिम्मेदारी को निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाने का संकल्प भी लिया।

# उरला वार्ड 58 में तालाब किनारे अतिक्रमण और सफाई व्यवस्था पर निगम की सख्ती

### तालाब किनारे अवैध कब्जा अतिक्रमण हटवाने के निर्देश

### निगम का उरला 58 निरीक्षणः सफाई लापरवाही पर फटकार, कब्जा हटाने के निर्देश

**दुर्ग (समय दर्शन)।** नगर निगम दुर्ग महापौर अलका बाघमार ने एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर,नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पार्षद रेशमा सोनकर,लोकेश्वरी ठाकुर, उपभियंता विनोद मांझी, सुरेश भारती के अलावा अधिकारियो के साथ सोमवार को वार्ड क्रमांक 58, उरला क्षेत्र में तालाब के किनारे निरीक्षण किया गया,

निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा तालाब के आसपास अवैध कब्जा,नालियों की दुर्दशा और सड़क पर जलभराव की स्थिति को सुधार के निर्देश दिए,

महापौर ने तालाब किनारे अवैध निर्माण को देखते हुए, कब्जाधारियों को मौके पर चेतावनी दी गई है और जल्द ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई



शुरू करने की बात कही,

इस निरीक्षण के दौरान सफाई में लापरवाही पाए जाने पर,सफाई दरोगा व सुपरवाइजर को फटकार लगाई गई और सुधार के निर्देश जारी किए,

**अधिकारियों को दिए गए निर्देशः** तालाब किनारे अवैध कब्जों को यथाशीघ्र हटाया जाए ।नालियों और सड़कों की सफाई कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किए जाएं ।जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।उन्होंने सप्ताहिक सफाई कार्य की निगरानी रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए।

महापौर ने आगे कहा आकस्मिक निरीक्षण वार्डो किया जायेगा साथ ही, लापरवाही अथवा उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कोसीर पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बेचते महिला को किया गिरफ्तार

**कोसीर योगेश कुर्रे (समय दर्शन)-** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती निमिषा पांडे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती स्नेहील साहू द्वारा हो रहे अवैध जुआ सट्टा शराब और नशीले पदार्थ पर रोकथाम के लिए दिए गए कड़े निर्देश के परिपालन में थाना प्रभारी कोसीर के द्वारा थाना क्षेत्र में मुखबीर तैनात किया गया था घटना दिनांक 21.7.2025 मुखबिर के जरिए से सूचना मिला की ग्राम उदयपुर (डौकीजोर) में शराब की तस्करी की जा रही थी इसकी सूचना कोसीर पुलिस को मिली थी जिसमें पुलिस की टीम शांताबाई धीरही के घर पर छापामार कार्यवाही की गई जिसमें आरोपी के कब्जे से अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के लिए 40 लीटर रखा था जिसे जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 166/25 धारा 34 (2) 59 (क) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है वहीं कोसीर पुलिस लगातार कार्यवाही कर जेल भेज रही है उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोसीर निरीक्षक सुनीता नाग बंजारे प्रधान आरक्षक मैनेजर सिदार प्रदीप रात्रे धनसाय कुर्रे गिरजा शंकर देवांगन का विशेष योगदान रहा




# कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने जिला अस्पताल के वार्डों का औचक निरीक्षण कर मरीजों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए

**सारंगढ़ बिलाईगढ़, (समय दर्शन)** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने सोमवार की सुबह जिला अस्पताल सारंगढ़ के विभिन्न वार्डों का आकस्मिक निरीक्षण किया, जिसमें ओपीडी, आईपीडी, पंजीयन, दवा वितरण, एक्सरे, डायलिसिस, लैब, टीकाकरण, ड्रेसिंग, डेंटल, पोषण पुनर्वास (एनआरसी) सहित महिला और पुरुष वार्ड आदि शामिल थे। कलेक्टर ने एक्सरे कक्ष में मशीनों के संबंध में रेडियोग्राफर एस क्षेत्र से जानकारी लिए। कलेक्टर ने टीकाकरण में आये गर्भवती महिला के परिजन को समझाया कि जब भी हॉस्पिटल आए यह टीकाकरण का रिकॉर्ड कॉपी जरूर लाएं। डॉ कन्नौजे ने नर्स को समय समय पर सही टीकाकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार स्क्रीनिंग कक्ष में उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी को कहा कि वे जिले के सभी क्षेत्रों का, खासकर महानदी किनारे बसे गांव में टीबी, कुष्ठ, सिकलसेल आदि बीमारियों का स्वास्थ्य चेकअप सर्वे करें और चिन्हांकित मरीजों का समुचित इलाज करें।



कलेक्टर ने महिला और पुरुष वार्ड के मरीजों का हाल-चाल जाना वहां इलाज ठीक प्रकार से हो रहा है कि नहीं इसकी जानकारी ली। सहसपुर से आए मरीज का हीमोग्लोबिन कम था, जिसका बेहतर इलाज करने के लिए कलेक्टर ने डॉक्टर को निर्देश दिए।

सिविल सर्जन ने कलेक्टर को बताया कि लैब रूम में 58 प्रकार के टेस्ट किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने जिला अस्पताल में निशुल्क डायलिसिस सुविधा और 58 प्रकार के लैब टेस्ट के व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए। साथ ही मरीज को वार्ड में और बाहर में गर्मी से परेशानी नहीं हो, इसके लिए कुलर लगाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिला अस्पताल में बाहर मरीज (ओपीडी) और भर्ती मरीज (आईपीडी) की जानकारी लिया। सिविल सर्जन डॉक्टर दीपक जायसवाल ने बताया कि प्रतिदिन ओपीडी में ढाई सौ से 300 मरीज आते हैं तथा आईपीडी में 200 से अधिक मरीज का दाखिला रहता है। इस पर कलेक्टर में सभी डॉक्टर, नर्स और सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि यहां आने वाले मरीजों का इलाज में किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसकी व्यवस्था करें। सिविल सर्जन द्वारा वार्ड कम होने व मरीजों की संख्या ज्यादा होने बताए जाने पर कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास से पृथक वार्ड बनाने हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

**जिला अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड का शुभारंभ-** स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार वृद्धि करते हुए कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने जिला अस्पताल सारंगढ़ के इमरजेंसी वार्ड का उद्घाटन किया। इस वार्ड में अब एक्सीडेंटल और इमरजेंसी केस के लिए पृथक से ड्रेसिंग रूम बनाया गया है, जिसमें मरीज को सुविधा होगी। इस कार्यक्रम में अब्बास अली, घनश्याम बंसल, अविनाश पुरी गोस्वामी, अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, एसडीएम प्रखर चंद्राकर, बीएमओ डॉ रामलाल सिदार सहित अस्पताल के अन्य डॉक्टर नर्स आदि उपस्थित थे।

# सावन की हरियाली में सजी संस्कृति, सशक्तिकरण और समर्पण की छटा

## 'यारिया फ़ॉरएवर' महिला समूह ने मनाया भव्य सावन उत्सव

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** सावन उत्सव का भव्य आयोजन,गरियाबंद में यारिया फ़ॉरएवर महिला समूह के द्वारा निजी आवास में किया गया।इस उत्सव का नेतृत्व समूह की अध्यक्ष भारती सिन्हा ने किया,जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम में सांस्कृतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय संदेशों का समावेश हुआ। इस बार उत्सव की थीम महिला सशक्तीकरण और ग्रीन अर्थ रखी गई थी,जिसने सभी को आकर्षित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव के भजनों और कीर्तन से हुई,जिसने माहौल को भक्तिमय बना दिया।इसके बाद महिलाओं ने पारंपरिक हरे परिधानों में सज-धजकर झूला झूलने की रस्म निभाई, जो सावन की हरियाली और उमंग का प्रतीक है।महिलाओं ने हरियाली तीज के महत्व पर चर्चा की और इसे केवल एक मौसम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा बताया।

महिला सशक्तीकरण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश,,इस उत्सव में महिलाओं ने न केवल सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लिया, बल्कि महिला सशक्तीकरण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं ने हरे रंग के वस्त्र पहनकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को दर्शाया।



गीत-संगीत, नृत्य,रैंप वॉक और मनोरंजक खेल स्पर्धाओं ने उत्सव को और भी रंगीन बना दिया। महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया।

**आकर्षण का केंद्र रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम-** ,,,कार्यक्रम में सावन के पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। नृत्य प्रस्तुतियों में महिलाओं ने अपनी ऊर्जा और उत्साह से माहौल को जीवंत बना दिया। रैंप वॉक में सभी ने ह हरे रंग की पोशाक में अपनी खूबसूरती और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, मनोरंजक खेल स्पर्धाओं में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी सिन्हा ने बखूबी किया, जिनकी ऊर्जावान प्रस्तुति ने सभी का ध्यान खींचा। अतिथियों ने अपने संबोधन में सावन के सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए इसे एकता और खुशियों का प्रतीक बताया।इस अवसर पर भारती सिन्हा,मोनिका सिन्हा,रचना सिन्हा, लक्ष्मी सिन्हा,मोनिका सेंडे,समीक्षा सोनी, निशा गुप्ता,पूजा गुप्ता,लाइरा सोनी,ममता सोनी सहित यारिया फ़ॉरएवर समूह की अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## खबर-खास

### गो धन को दुर्घटना से बचाने रिसाली ने चलाया अभियान, रात में सड़क पर बैठी मवेशियों को पकड़ा



**रिसाली ( समय दर्शन )।** बारिश में सड़क पर बैठी मवेशियों से होने वाली दुर्घटना से बचने नगर पालिक निगम ने रविवार को अभियान चलाया। आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर दर्जन भर मवेशियों को पकड़ा ।इस कार्य में 8 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बारिश के समय गो धन अक्सर सड़क के बीच में बैठ जाती है। गई बार बारिश की वजह से स्ट्रीट लाइट बंद भी रहती है। सड़क पर मवेशी होने से दुर्घटनाएं भी लगातार हो रही है। यही वजह है कि रिसाली आयुक्त के निर्देश पर निगम कर्मचारियों ने मुख्य मार्गो से गाय, बैल व बछड़े को पकड़ कर अवरुद्ध मार्ग को ठीक किया । इसके अलावा दर्जन भर मवेशियों को सड़क से खदेड़ा।

**यहां चला अभियान-** आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर निगम कर्मचारी दशहरा मैदान में एकत्र हुए। इसके बाद बीएसपी मार्केट रिसाली और टाउनशिप के सड़कों पर बैठी मवेशियों को हटाया। बाद में कृष्णा टॉकीज रोड से धनोरा रेलवे फाटक पर बैठी मवेशी को कर्मचारियों ने पकड़ा।

### किरंदुल में एनएमडीसी कर्मचारियों के लिए टाइप-3 मकानों के आबंटन में देरी पर खदान मजदूर संघ ने जताई नाराजगी

**किरंदुल:** खदान मजदूर संघ (संबद्ध भारतीय मजदूर संघ), शाखा किरंदुल ने एनएमडीसी परियोजना के अधिशासी निदेशक को पत्र सौंपकर नवनिर्मित बहुमंजिला इमारत में टाइप-3 मकानों के शीघ्र आबंटन की मांग की है। पत्र में टाइप-2 मकानों (बारसा कॉलोनी, ओडीएस, एनसीडीएस, गांधीनगर) में लंबे समय से रह रहे कर्मचारियों की टाइप-3 मकानों में जाने की दीर्घकालिक इच्छा का उल्लेख किया गया है। संघ ने कहा कि कर्मचारी नवनिर्मित टावरों में रहने के लिए उत्साहित हैं, लेकिन कुछ टावरों के मकानों का आबंटन नहीं होने से कर्मचारियों में नाराजगी है। आरोप है कि प्रबंधन जानबूझकर आबंटन परिपत्र जारी नहीं कर रहा, ताकि बहुमंजिला इमारत के पीछे तीन मंजिला टाइप-3 मकानों में रह रहे कर्मचारियों की आबंटन अवधि (अगस्त में समाप्त) पूरी हो सके और वे भी नए आबंटन के लिए पात्र हो जाएं। टाइप-2 में रह रहे कर्मचारियों में आक्रोश है, जो यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या वे हमेशा टाइप-2 में ही रहेंगे, जबकि टाइप-3 में रहने वाले कर्मचारी बार-बार नए मकानों में जाते रहेंगे? संघ ने मांग की है कि टाइप-2 में लंबे समय से रह रहे कर्मचारियों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए शेष टाइप-3 मकानों का शीघ्रातिशीघ्र आबंटन किया जाए।

### ईडी बन चुकी है भाजपा का राजनीतिक हथियार ङ्क सकलेन कामदार

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सकलेन कामदार ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि केंद्र की जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अब भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर काम करने वाली राजनीतिक इकाई बन चुकी है।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के परिवार को जिस तरह दुर्भावना और प्रतिशोध की भावना से निशाना बनाया जा रहा है, कांग्रेस पार्टी इसका कड़ा विरोध करती है।चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन के दिन गिरफ़्तार किया जाना इस बात का साफ़ प्रमाण है कि यह कार्रवाई जानबूझकर दुर्भावना से की गई है।यह न सिर्फ़ राजनीतिक बदले की भावना दर्शाता है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं पर भी सीधा हमला है। सकलेन कामदार ने कहा कि यह स्पष्ट है कि जो भी जनता, जंगल और ज़मीन को बचाने के लिए आवाज़ उठाएगा, उसे भाजपा सरकार दबाने की कोशिश करेगी। कांग्रेस पार्टी ने हसदेव में पेड़ कटाई, बस्तर में खनिजों की लूट और तमनार में जंगल कटाई का विरोध किया — इसलिए अब भाजपा सरकार ईडी जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। यह वही सरकार है जो स्वयं भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है — ?32,000 में एक जग, ?1,300 में चप्पल और ?10 लाख में टीवी जैसी खरीददारी कर रही है। यह जनता के पैसों की खुली लूट है।लेकिन कांग्रेस न झुकेगी,न डरेगी।हम गरीब,आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों की आवाज़ हमेशा बुलंद करते रहेंगे।छत्तीसगढ़ को बिकने नहीं देंगे।भाजपा की तानाशाही और भ्रष्टाचार के विरुद्ध कांग्रेस पार्टी 22 जुलाई को दोपहर 12 बजे राज्यव्यापी आर्थिक नाकेबंदी और चक्का जाम का आयोजन कर रही है।

# प्रदेश में रजत जयंती वर्ष 2025-26 का होगा वृहद आयोजन

## राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उपलब्धियों को किया जाएगा प्रदर्शित

## 15 अगस्त से विभिन्न विभागों द्वारा की जाएगी गतिविधियां

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** वर्ष 2000 में भारत का 26वां राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजकर विकास के लक्ष्यों को हासिल कर देश में एक विशिष्ट पहचान बनाई है।राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ में रजत जयंती वर्ष 2025-26 का वृहद आयोजन किया जाएगा।इसके तहत विभिन्न विभाग 15 अगस्त से राज्य की उपलब्धियों,संस्कृति,पर्यटन,शिक्षा,स्वास्थ्य आधारभूत संरचना, कृषि, महिला सशक्तिकरण आदि क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन करेंगे। महाअभियान 15 अगस्त 2025 से 31 मार्च 2026 तक चलेगा।कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा एवं आयोजन के संबंध में चर्चा करने धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने जिला कलेक्टरों की ऑनलाइन बैठक ली। कलेक्टर सभाकक्ष गरियाबंद से कलेक्टर बी.एस.उइके, जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत सहित जिला अधिकारीगण ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए।अपर मुख्य सचिव ने रजत जयंती वर्ष की सभी तैयारियां तय समय में सुनिश्चित करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा भव्य आयोजन करने के निर्देश दिये। रजत जयंती वर्ष आयोजन अंतर्गत कार्यक्रमों में युवा,महिला,किसान सहित समस्त नागरिकों की सुनिश्चित की जायेगी। रजत जयंती वर्ष के आयोजन का उद्देश्य राज्य की उपलब्धियों को प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाना है। साथ ही वर्ष 2050 के भावी छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करना है।



रजत जयंती वर्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के केन्द्र बिन्दु गरीब कल्याण, युवा सशक्तिकरण,अन्नदाता एवं नारी सशक्तिकरण होंगे। प्रत्येक विभाग 25 वर्षो की यात्रा को प्रदर्शित करते हुए एक विशेष सप्ताह का आयोजन करेंगे। यह आयोजन वार्ड,पंचायत, विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय पर आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों सहित योजनाओं के लाभार्थी, आम नागरिक, महिलाओं, स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों किसानों, श्रमिकों, भूमिहीन मजदूरों एवं उद्यमियों को विशेष रूप से शामिल किया जायेगा। रजत जयंती वर्ष के दौरान छत्तीसगढ़ी फिल्म फेस्टिवल, फूड उत्सव, शिल्प मेला, कलांजलि, लोकनृत्य महोत्सव, देशभक्ति गीत महोत्सव, पुस्तक वाचन दिवस, बाल पंचायत प्रदर्शनी, पोषण मेला, महतारी सम्मेलन, मेगा हेल्थ कैम्प, टीकाकरण अभियान, सेमीनार, जॉब फेयर, प्रवासी छत्तीसगढ़ सम्मेलन, फिट छत्तीसगढ़ चैलेंज,कवि सम्मेलन,युवा महोत्सव, पतंग उत्सव, विशेष ग्रामसभा, स्वच्छता सप्ताह, रंगोली, निबंध,भाषण प्रतियोगिता, हर्बल मेला, किसान मेला, हर घर तिरंगा अभियान, सुशासन सप्ताह, संविधान दिवस, सड़क सुरक्षा माह,रक्तदान शिविर, क्रियेटर मीट, साइन लैंगवेज डे, वरिष्ठ नागरिक सम्मान सम्मेलन, चावल उत्सव,गंगरेल उत्सव,महानदी उत्सव, इंद्रावती उत्सव, जनजातीय गौरव दिवस एवं शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार जैसे विभिन्न आयोजन किये जायेंगे।

# 17 साल, एक कलर्स, अनगिनत कहानियाँ

2008 में जब कलर्स की शुरुआत हुई, तो भारतीय टेलीविजन के कैनवास पर कहानी कहने का एक नया युग शुरू हुआ। इसने परंपराओं को तोड़ा और हिंदी जीईसी (जनरल एंटरटेनमेंट चैनल) की परिभाषा ही बदल दी। बीते 17 वर्षों में कलर्स ने टीवी स्क्रीन ही नहीं, दिलों को भी उन कहानियों से रंगा जो सच में मायने रखती हैं — बाल विवाह जैसे मुद्दे उठाने वाले बालिका वधू से लेकर लैंगिक भेदभाव को चुनौती देने वाली शक्ति तक, और बिग बॉस, खतरों के खिलाड़ी, तथा हालिया हिट लाफ्टर शेफ्स: अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट जैसे रियलिटी शोज तक। हमने हमेशा ऐसे अनसुने नायकों का सम्मान किया है जो शांत लेकिन अडिग साहस के प्रतीक हैं।

चाहे वो आनंदी हों या बोंदिता, मन्नत हो या मंगल — इन नायिकाओं ने सिर्फअपने लिए नहीं, समाज के लिए भी बदलाव की मशाल जलाई है। कलर्स का यह जज्बा आज भी कायम है। चैनल की 17वीं वर्षगांठ पर, जियोस्टार के प्रवक्ता श्री आलोक जैन ने कहा, जब कलर्स 17 साल का हुआ है, हम एक ऐसी विरासत का जश्न मना रहे हैं जिसने हिंदी मनोरंजन की दुनिया को फिर से परिभाषित किया है और देश भर में बहस को जन्म दिया है। टेलीविजन आज भी दर्शकों का विश्वसनीय साथी है, और कलर्स ने हमेशा भारतीय जीवन के विविध रंगों और ऐसे पात्रों की कहानियाँ दिखाई हैं जो परिवार जैसे लगते हैं।


## कार्यालय संपदा अधिकारी

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव**

कार्यालय पताः न्यू बस स्टैण्ड व्यावसायिक परिसर राजनांदगांव जिला राजनांदगांव ( छ.ग. ) फोन 07744409714

E-mail emzonerjn@gmail.com

क्रमांक/ 711/सं.अधि./25 राजनांदगांव/दिनांक 16/07/2025

**-: आम सूचना:-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा निर्मित दीनदयाल आवास योजना मनकी (प्रथम चरण) जिला राजनांदगांव में भवन क्रमांक एल.आई.जी. 103, आबंटन श्री जीवन दास मानिकपुरी पिता स्व. श्री भुनेश्वर मानिकपुरी को किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पंजीयन निष्पादन पंजीयन कार्यालय से 07.07.2010 को करा लिया गया है। आवेदिका (आबंटी की पत्नि) श्रीमती माना बाई मानिकपुरी पति स्व. श्री जीवन दास मानिकपुरी द्वारा इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि आबंटी श्री जीवन दास मानिकपुरी की मृत्यु दिनांक 13.06.2025 को हो चुकी है तथा आवेदन में निवेदन किया है कि उक्त भवन को स्वयं के नाम पर नामांतरण किया जावे, जिसके लिए उन्होने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार की छायाप्रति व अन्य दस्तावेज संलग्न किये है।

अत: आवेदिका के आवेदन अनुसार उनके नाम पर नामांतरण की कार्यवाही से किसी व्यक्ति परिवार के सदस्य, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, वित्तीय संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा / आपत्ति कर सकता है, अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के बाद में कोई दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल,**
**संपदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र राजनांदगांव**


# राज्यपाल गोदग्राम बिजली में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान शिविर लगाया गया

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** अग्रणी बैंक गरियाबंद के तत्वाधान में बैंक ऑफबड़ौदा फिंगेश्वर शाखा द्वारा विगत दिवस फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत बिजली में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान शिविर आयोजन किया गया।जिसमें शिविर में उपस्थित ग्रामीणजन वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत बैंकिंग सुविधा,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना,जनधन खाता, डिजिटल धोखाधड़ी एवं बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। एफएलसी लीड बैंक गरियाबंद के प्रेमलाल साहू ने बताया कि शिविर स्थल में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना,जनधन खाता पात्र हितग्रहियों पंजीयन एवं केवाईसी किया गया। जिला व्यापार उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक दीनबंधु ध्रुव ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया गया और जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी रश्मि गुप्ता ने अंत्योदय स्वरोजगार एवं आदिवासी स्वरोजगार योजनाओं के बारे में जानकारी दी।शिविर में एफएलसीआरपी खिलेश्वरी साहू, बैंक मित्र तामेश निषाद, भूषण साहू,योगेश साहू एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




# सैमसंग इंडिया ने गैलेक्सी वॉच8 सीरीज की प्री-बुकिंग शुरू की



**गुरुग्राम ।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज गैलेक्सी वॉच8 और गैलेक्सी वॉच8 क्लासिक को लॉन्च किया है। यह सीरीज पूरे गैलेक्सी वॉच लाइनअप में एक प्रतिष्ठित डिज़ाइन पहचान स्थापित करती है। गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा के कुशन डिज़ाइन की बुनियाद पर आधारित, यह सीरीज़ अब तक की सबसे पतली गैलेक्सी वॉच है। लॉन्च् के तहत, सैमसंग आकर्षक प्रारंभिक कीमतों और विशेष प्री-ऑर्डर लाभ प्रदान कर रहा है। गैलेक्सी वॉच8 40mm BT की कीमत 32,999 रुपये है और 40mm LTE वर्जन 36,999 रुपये में उपलब्ध है। 44mm BT और LTE वैरिएंट की कीमत क्रमश: 35,999 रुपये और 39,999 रुपये है। गैलेक्सी वॉच8 क्लासिक 47mm BT मॉडल की कीमत 46,999 रुपये है, जबकि LTE वर्जन 50,999 रुपये में उपलब्ध है। गैलेक्सी वॉच8 सीरीज़ को 9 जुलाई से 24 जुलाई, 2025 तक प्री-बुक करने वाले उपभोक्ता 12,000 रुपये तक का मल्टी-बैंक कैशबैक या अपग्रेड बोनस, या नए गैलेक्सी स और Z सीरीज़ ग्राहकों के लिए विशेष रूप से तैयार 15,000 रुपये तक के मल्टी-बाय ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, प्रमुख बैंकों और एनबीएफसी के साथ 18 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई उपलब्ध है।

**अल्टीमेट वेलनेस के लिए बिल्कुयल नई डिज़ाइन-** गैलेक्सी वॉच8 सीरीज़ को नए सिरे से डिज़ाइन किया गया है ताकि यह बहुत आरामदायक हो और बेहतरीन प्रदर्शन दे। यह रोजाना की वेलनेस के लिए एक बेहतरीन साथी है। गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा वाला खास कुशन डिज़ाइन अब सभी गैलेक्सी वॉच लाइनअप में है। इसे सबसे पतला बनाने के लिए, वॉच के अंदरूनी हिस्सों को पूरी तरह से बदला गया और हिस्सों को जोड़ने की क्षमता को 30% बेहतर किया गया, जिससे यह 11% अधिक पतला हो गया। डायनैमिक लग सिस्टम की मदद से यह डिजाइन कलाई के साथ आसानी से मूव होती है, जिससे आराम और स्थिरता बढ़ती है, और स्वास्थ्य की निगरानी और भी सटीक हो जाती है।

तेज धूप में भी, डिस्प्ले 50त्न अधिक चमकदार है और 3,000 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ आसानी से दिखाई देता है। बेहतर बैटरी सक्रिय जीवनशैली के साथ तालमेल रखती है। डुअल-फ्रीक्वेंसी त्नक्क्र अधिक विस्तृत और सटीक लोकेशन रिजल्टे प्रदान करता है, जबकि 3nm प्रोसेसर तेज़ प्रदर्शन और अधिक पावर दक्षता प्रदान करता है। महत्वतपूर्ण बायोएक्टिव सेंसर गहरी और सटीक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करता है। गैलेक्सीी वॉच8 सीरीज आपकी सेहत को एक संपूर्ण व्यू प्रदान करने में मदद करती है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)
## ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक / लो.क.वि./2025/732 रिसाली दिनाँक 21/07/25

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्रं | निविदा राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रं. 17 शिवपारा स्टेशन मरोदा में शीतला तालाब से लालता प्रसाद घर तक डामरीकृत मार्ग का संधारण कार्य। | 172371 | 4506163/- | 08-08-2025 |
| 2 | वार्ड क्रं. 17 शिवपारा स्टेशन मरोदा में लालता प्रसाद घर से पम्प हाउस तक डामरीकृत मार्ग का संधारण कार्य। | 172363 | 4212877/- | 08-08-2025 |
| 3 | वार्ड क्रं. 31 शहीद किरण देशमुख हिन्द नगर शिव जी चौक से सुरेन्द्र देवांगन घर से नंद किशोर डहरिया घर से लक्ष्मी नगर चौक तक डामरीकृत मार्ग का संधारण कार्य। | 172352 | 4863661/- | 08-08-2025 |
| 4 | वार्ड क्र. 35 डुण्डेरा में रामकुमार चक्रधारी घर से शिव कली केसरी तक डामरीकृत मार्ग का संधारण कार्य। | 172344 | 2455423/- | 08-08-2025 |
| 5 | वार्ड क्र. 35 डुण्डेरा में दशरथ साहू घर से नरसिंग देवांगन घर तक डामरीकृत मार्ग का संधारण कार्य। | 172404 | 2580372/- | 12-08-2025 |

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम,**
**रिसाली**

# युवा प्रकोष्ठ जागरूकता अभियान : राजपूत क्षत्रिय चौहान महासभा पाटन परिक्षेत्र युवा विंग का गठन



**पाटन (समय दर्शन)।** राजपूत क्षत्रिय चौहान महासभा 5980 पाटन परिक्षेत्र में युवाओं में भारी उत्साह के साथ युवा जागरूकता अभियान चलाया गया । यह जागरूकता अभियान ठाकुर हेमंत सिंह युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दुर्ग के प्रभार से पाटन परिक्षेत्र में युवा प्रकोष्ठ का गठन हुआ। युवाओं के साथ साथ वरिष्ठजन पाटन अध्यक्ष ठाकुर सीताराम सिंह चौहान उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह चौहान सचिव ठाकुर बीरबल सिंह चौहान एवं उनके टीम ने भी युवाओं की इस पहल की सराहना की साथ साथ युवा अभियान की तर्ज पर अगले कुछ सप्ताह में महिला जागरूकता अभियान कराने का भी निर्णय लिया।।युवाओं का विशेष रूप से पहल में बढ़ते अपराध, पाश्चात्य सभ्यता, युवाओं का भटकाव से दूर करके शिक्षा, स्वरोजगार, नशामुक्ति, व्यक्तित्व निर्माण की ओर अग्रसर करवाना था। सब के मन में समाज के बारे में जानकारीयो को एकाग्र होकर ग्रहण करना हमारा विश्वास और मनोबल को और बढ़ाता है।युवाओं के इस पहल का पाटन राज के वरिष्ठजन ने भी पूर्ण सहयोग दिया हम उन सभी का हृदय से आभारी है।

युवा प्रदेश कार्यकारिणी से मनु सिंह, लेख सिंह,मुकेश सिंह, राजेश सिंह, तरुण सिंह एवं प्रदेश कार्यकारिणी उपस्थित थे।

पाटन राज में युवा के कार्यकारिणी के रूप में सलाहकार ठा.घनश्याम सिंह चौहान (ऊफरा), अध्यक्ष ठाकुर राजेश सिंह चौहान (खुड़मुड़ी) , उपाध्यक्ष ठाकुर गजेंद्र सिंह (देवबलोदा), सचिव ठाकुर महेंद्र सिंह चौहान (सोमनी), सहसचिव ठाकुर लोकेश सिंह (खुड़मुड़ी)

कोषाध्यक्ष ठाकुर हेमंत सिंह चौहान(सोमनी)

सामाजिक कार्यकारिणी सदस्यगण :-

ठाकुर हितेश सिंह चौहान , सोनू सिंह , राज सिंह चौहान, रोहित सिंह , शुभम सिंह, शौरभ सिंह, राजू सिंह, जागेश्वर सिंह, थानेश्वर सिंह, दुर्गेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, तामसिंह चौहान आदि उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त-खबर

### किरंदुल प्रेस क्लब की 16वीं वर्षगांठ पर वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**किरंदुल (समय दर्शन)।** दंतेवाड़ा जिले की लौह नगरी किरंदुल में प्रेस क्लब किरंदुल वेलफेयर एसोसिएशन ने अपनी 16वीं वर्षगांठ वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ मनाई। यह संगठन क्षेत्र का सबसे पुराना और सक्रिय पत्रकार संगठन है, जिसमें स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय अखबारों के पत्रकार शामिल हैं। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष बिप्लव मल्लिक ने कहा कि पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य निष्पक्ष और सच्ची खबरें जनता तक पहुंचाना है, साथ ही समाज के विकास में योगदान देना भी है। इसी उद्देश्य के तहत कृष्ण कुंज में फलदार और छायादार पौधे रोपे गए। उन्होंने जोर देकर कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, जो शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पौधों के बिना मानव जीवन अधूरा है। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संतुलन में योगदान देने की अपील की। इस मौके पर संगठन के सचिव संजीव दास को उनके जन्मदिन पर सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अध्यक्ष बिप्लव मल्लिक, सचिव संजीव दास, कोषाध्यक्ष रामकृष्ण बैरागी, उपाध्यक्ष एस.एच. अजहर, उपाध्यक्ष रवि कुमार दुर्गा, कार्यालय सचिव पी. उषारानी किरण, सदस्य बी. रामबाबू, विश्वजीत मल्लिक, कुमारी प्रियंका जाल, सुनीता गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### नेशनल स्पोटर्स मीट में लहराया डी .ए .वी का परचम



**दंतेवाडा किरंदुलृ (समय दर्शन)।** डी ए वी नेशनल स्पोटर्स मीट 2025- 26 का आयोजन डी ए वी मुख्यमंत्री स्कूल विश्रामपुरी एवं गारका में किया गया, जिसमें 17 छात्रों ने भाग लेकर 40 गोल्ड,( दिवाकर,आदर्श, चंद्रभान ,दुर्गेश,दुष्यंत,शानू भट्टाचार्य ) 16 सिल्वर तथा 5 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया ।वहीं विद्यालय की 19 छात्राओं ने 20 गोल्ड ( रितिका बिट्टी, लक्ष्मी, अपूर्वा, यशिका मंडल ,भूमि ठाकुर,), 1 सिल्वर (अनन्या मजूमदार) ,3 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर डी.ए.वी का परचम लहराया विद्यालय के खेलकूद शिक्षक मनोज सिंह ,शिक्षिका तृप्ति श्रीवास्तव ,शिक्षिका अर्चना बघेल, शिक्षक चंद्रशेखर वर्मा टीम के साथ थे। प्राचार्य एस.के श्रीवास्तव सर ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

### डाक कांवडियों ने सफ़ाई कर्मचारियों एवं अन्य कांवडियों के ऊपर बरसाया गुलाब फुल



**राजनांदगांव।** सावन पर्व के दूसरे सोमवार डाक कांवड यात्रा मोहरा शिवनाथ नदी से जल लेकर शीतला मंदिर बुढ़ा सागर पहुंची। इसी क्रम में सड़क पर सफ़ाई कर रहे कर्मचारियों पर गुलाब फुल बरसा कर उनका धन्यवाद किया। संस्था ने बताया कांवडिया के रास्ते को सफ़ाई करने अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, ताकि कांवडिया सुरक्षित मंदिर पहुंच सके। शीतला मंदिर पर हिंदू जागरण मंच के द्वारा डाक कावड़िया का पुष्प से स्वागत कर फ़लाहारी की व्यवस्था की गई। आयोजनकर्ता शिवगण मां पाताल भैरवी बर्फ़ानी धाम से राजेश मारू, श्री महाकाल मंदिर सिंघोला से पवन डागा, हिंदू जागरण मंच से सुशील लड्डा शामिल थे। दूसरे सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, राज बहादुर सिंह, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष विजय साहू, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन, नीरज स्कूल से नीरज वाजपेई इस यात्रा में शामिल होकर एवं सिटी बजाकर इस यात्रा को प्रारंभ किया। 28 जुलाई को तीसरे सोमवार को मोहरा शिवनाथ नदी से जल लेकर मां पाताल भैरवी मंदिर बर्फ़ानी धाम जाएगी। इस यात्रा में जीवनदान सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र लाल जंघेल, प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष अभय जंघेल, भारतभूषण वैष्णव, कोषाध्यक्ष अमर सिंह राजपूत, आनंद मुदंडा, राजनांदगांव जिलाध्यक्ष अविनाश जैन, जिला उपाध्यक्ष अमित चौहान, शहर अध्यक्ष रिषभ मल्ल, महेश्वर जंघेल, यस साहू, रितेश साहू, चंदन साहू, राहुल साहू, सत्यम ओझा, शिवम ओझा, बेटी चेष्टा जंघेल, मिताली वर्मा, पूर्व जंघेल, ग्राम भाटापारा उपसरपंच दीपक वैष्णव, अनुज, नितिन, दुर्गेश, दिव्यांश, कमलेश डड़सेना आदि उपस्थित थे।

# सेजेस भंवरपुर में छात्र संघ का गठन

■ कृष्णा चौहान बने छात्रसंघ अध्यक्ष




**बसना (समय दर्शन)।** बसना विकासखण्ड अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भँवरपुर में बीते दिन छात्र संघ चुनाव सम्पन्न हुआ है ।

छात्र छात्रों के जीवन मे अनुशासन बनाये रखने के साथ विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण मे कसावट लाने दिनांक 19-07-2025, दिन-शनिवार को छात्रों में नेतृत्व, पर्यावरण (ईको), अनुशासन, खेल, विज्ञान, साहित्यिक, सांस्कृतिक, स्वच्छता, नैतिक, सामाजिक, रचनात्मक व बहुमूखी व्यक्तित्व के विकास व स्वप्रेरणा की भावना के विकास हेतु विभिन्न क्षेत्रों में छात्र संघ का गठन व शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शिक्षकों के कुशल निर्देशन मे छात्र धरातल पर कर्तव्य का सम्यक निर्वहन छात्र-छात्राओं का दायित्व है। बच्चों में नेतृत्व व उत्तरदायित्व के सही विकास हेतु उत्कृष्ट छात्र संघ के अध्यक्ष (शाला नायक) के रुप में कक्षा-बारहवीं कला से कृष्णा चौहान का चयन लोकतांत्रिक विधि से किया गया। उपाध्यक्ष (उप शाला नायक) के लिए समीर उइके, रोशन निषाद, भरत पटेल, क्षमानिधि चौहान, डमरुधर रात्रे, गेशु देवांगन, वैष्णवी खुटे, हेमा राय, नियति पटेल, जयन्त यादव, नोमेश देवांगन, अनिल यादव का चुनाव हुआ। सांस्कृतिक सचिव नयन पण्डा व खुशबू सिदार, ईको क्लब प्रभारी भूमेश व पंकज पटेल, अनुशासन सचिव देवप्रसाद पटेल, जुनियर रेडक्रास सचिव भरत पटेल, स्काउट सचिव क्षमानिधि चौहान, छात्रा प्रतिनिधि वैष्णवी खुंटे, विज्ञान विभाग क्षितिज देवांगन, अटल टिंकरिंग, नयन पण्डा व क्रीड़ा सचिव के लिए विनय जगत का चुनाव या चयन किया गया।

चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् छात्र संघ के सभी सदस्यों का शपथ ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण के पश्चात् सभी चुने हुए छात्रों को उनके यथोचित दायित्वों व कर्त्तव्यों के विषय में पूरी जानकारी दिया गया।

कार्यक्रम की रुपरेखा व निर्देशन संस्था के प्राचार्य टी.के. पटेल, वरिष्ठ व्याख्याता एन.के. दीवान व शिक्षक डी.पी. पटेल के सानिध्य में हुआ। उक्त कार्यक्रम में एस.एल. चौहान, ए. भोई, पी.के. निर्मलकर, ए.व्ही. कदम, डी.के. दास, डी.के. बंधु, डी. के. सतपथी, पी.के. बारीक, जी.एस. पटेल, एच.एस. पटेल, एच.आर. चौहान, एस.के. भोई, एम. पटेल, श्रीमती आर. देवांगन, ए.पटेल, एल. नायक, एल. चौहान एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

# गुढियारी में स्थित आरा मिल में फ़रेस्ट विभाग ने सुबह सुबह दो दबिश, दो साल से अवैध रूप से चल रहा था आरा मिल



बलराम यादव

**पाटन।** सोमवार को सुबह फॉरेस्ट विभाग की टीम ने पाटन ब्लॉक के ग्राम गुढ़ियारी में स्थित एक आरा मिल में दबिश दी है। बताया जा रहा है कि फॉरेस्ट विभाग को सूचना मिली थी कि यहां पर आरा मिल में बहुत सारे लकड़ी डंप पड़ी है वही आर मिल के संचालक से दस्तावेज भी मांगे जा रहे हैं। फॉरेस्ट विभाग जांच में जुट गई है। जिसके जमीन पर आरा मिल चल रहा उसने आरा मिल चलाने की अनुमति ही नहीं किया। दो साल से यह आता मिल अवैध रूप से चल रहा था आज सुबह-सुबह फॉरेस्ट विभाग के एसडीओ के नेतृत्व में उसकी पूरी टीम आरा मिल पर दबिश दी है। बड़ी संख्या में वहां पर लकड़ी मिली है। जिसकी गिनती कर पंचनामा बनाया गया। आराम मिल जिसके जमीन पर था उससे भी पूछताछ कर दस्तावेज मंगाए गए। लेकिन कोई दस्तावेज नहीं मिल पाया। फॉरेस्ट विभाग पूछताछ गाडाडीह के आसपास बहुत से आराम मिल संचालित है जिसमें आशंका जताया जा रहा है कि कई ऐसे आरा मिल है जहां पर नियमों की विपरीत काम किया जा रहा है। इस पर भी अंकुश लगाया जाना जरूरी है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो का कहना है कि सभी आराम मिल की जांच किया जाना चाहिए राजस्व और फॉरेस्ट विभाग की एक टीम बनाकर जांच किया जाए तो इन आरा मिलो पर ढेर सारी खामियां मिल जाएगी।

**लकड़ी और मशीन जप्त-** फॉरेस्ट विभाग ने करवाई करते हुए लकड़ी और मशीन को जप्त कर लिया है। जिसे फरेस्ट विभाग के पाटन डिपो में रखा जाएगा। सभी 9 बजे कार्रवाई शुरू हुई जो कि शाम तक चलती रही।

# पुत्र मोह में भूपेश ने पूरी कांग्रेस को झोंका- संजय श्रीवास्तव




जारी किए,कोयला आबंटन और पेड़ों की कटाई के भूपेश बघेल सरकार के कई दस्तावेज

**दुर्ग( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने जिला भाजपा कार्यालय मे आहूत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस बताएं कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद पर है जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं उसे व्यक्ति के लिए पूरी कांग्रेस प्रदेश में प्रदर्शन कर रही है इसका साफ मतलब है भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मुंह में झोंक दिया है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा हमने पहले भी बड़े-बड़े ऐसे उदाहरण देखें हैं जिसमें लोगों ने पुत्र मोह में खुद को भी बर्बाद किया और अपने पूरे साम्राज्य को भी बर्बाद किया भूपेश बघेल इस दिशा में काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भूपेश बघेल और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाने पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर रही है और साथ ही उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रही है जो की प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी।

कोल ब्लॉक आवंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा ने पत्रकार वार्ता में तथ्यों एवं दस्तावेज प्रेजेंटेशन के माध्यम से कांग्रेस के झूठ को एक बार फ़िर बेनकाब किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चोरी और सीनाजोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है। आप सबको पता होगा कि अपने शासनकाल के पाँच वर्ष में भूपेश बघेल जी ने छत्तीसगढ़ को दस जनपथ का चारागाह बना दिया था।

छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि शराब घोटाले, कोयला घोटाले, चावल घोटाले, गोठान घोटाले से लेकर पीएससी घोटाले तक में इसने प्रदेश के संसाधनों को जम कर लूटा था, आज इन घोटालों के आरोपी एक एक कर नप रहे हैं। सभी जेल जा रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि बेवजह जिस तरह अपराधियों के विरुद्ध हो रही कानून सम्मत कार्रवाई को कहीं और मोड़ा जा रहा है, वह दुर्भाग्यजनक और कांग्रेस में हिप्पोक्रेसी का सबसे बड़ा नमूना है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि जब भी आप सभी कॉल ब्लॉक आवंटन और पेड़ कटाई आदि पर सवाल उठाते थे, तो दस जनपथ के दबाव में सीधे तौर पर भूपेश बघेलजी बचाव में आ जाते थे। कहते थे कि कोल ब्लॉक आवंटन का विरोध करने वाले अपने-अपने घरों की बिजली बंद कर दें। सवाल यह है कि अब जब झूठे और बेबुनियाद आरोप लगा कर भूपेश अपनी कालिख धोने की कोशिश कर रहे हैं, तो क्या वह अपने घर और राजीव भवन की बिजली बंद करेंगे।

# किरंदुल में वार्ड नंबर 02 में सीसी सड़क निर्माण का भूमिपूजन, पालिका अध्यक्ष ने गुणवत्ता पर दिया जोर



**दंतेवाड़ा (समय दर्शन)।** किरंदुल वार्ड नंबर 02 में नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने वार्डवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए नवीन सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सभी पार्षदगण और वार्डवासी उपस्थित रहे। भूमिपूजन के साथ सड़क निर्माण की मांग पूरी होने पर वार्डवासियों ने खुशी जताते हुए पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह का आभार व्यक्त किया।

**गुणवत्ता पर पालिका अध्यक्ष की सख्त हिदायत-** रूबी शैलेन्द्र सिंह ने ठेकेदार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि वह स्वयं तकनीकी अधिकारियों के साथ समय-समय पर निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगी ताकि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।कार्यक्रम में नगरपालिका उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी, बीजेपी मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, एसकेएमएस अध्यक्ष पी. देवरालू, सीएमओ शशि भूषण महापात्र, पार्षद लक्ष्मी ठाकुर, गिरजा विश्वकर्मा, यशोदा चुन्नम, गोपीनाथ हरिजन, बी. रूपा रानी, राजकुमार सोनी, लीना सोनी, पदमा नाग, के. सजी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, पालिका उप अभियंता टी. आर. सिन्हा, संजय मार्कण्डेय, आर. सी. नहक, राजू रेड्डी सहित समस्त वार्डवासी उपस्थित थे।

# अरेकेल कुड़ेकेल जर्जर सड़क के लिए विभाग ने किया 1:86 करोड़ का सेंक्शन

■ बसना विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल के अथक प्रयास से बसना क्षेत्र को मिली करोडों की सौगात



**बसना (समय दर्शन)।** बसना शहर से लगे ग्राम अरेकेल कुड़ेकेल को जोड़ने वाली मुख्य पी डब्ल्यू डी सड़क विगत वर्षो से खराब है।

इस सड़क में चलना मुसीबत मोल लेने से कम नही है। बसना शहर एवं बंसूला डीपा सीमा खतम होते ही नंदलाल मिश्रा के घर के पास से अरेकेल पहुँचते तक सड़क मे लबालब कीचड़ व पानी भरे गड्ढे हैं। यहाँ सदैव हादसे की आशंका बनी रहती है। गलती से ट्रेक्टर आदि वाहन को साईड देते समय मोटरसाइकिल इन गड्ढों में फंस जाते हैं ।

साईकिल एवं पैदल चलने वालों के लिए यह आम सड़क मुसीबत को बुलाने से कम नहीं है ।

आपको बता दें कि, विगत वर्ष लोगों के तकलीफसे वाकिफहो कर इस मार्ग की मरम्मत के लिए जब समय दर्शन की टीम व पत्रकार बंधुओं ने मुहिम छेड़ा, तो पी डब्ल्यू डी विभाग के अधिकारी डी पी जोशी ने अपने कर्मचारी व जेसीबी लगाकर रोड मे बने गड्ढों से कीचड़ व पानी को साफकरवाया ।

अभी बरसात के समय मे लोगों को बसना आने जाने मे मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है ।

सड़क की मरम्मत और निर्माण हेतु ग्रामीण जन अनेक बार आवेदन निवेदन करने के बावजूद भी शासन प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं दे रही थी ।


दैनिक समय दर्शन
Basna samay darshan 18 july 2025
अरेकेल कुड़ेकेल मार्ग अति जर्जर, कीचड़ से लथपथ होकर स्कूल जाते हैं बच्चे
खबर का असर

विभागीय अधिकारी डी पी जोशी ने बताया कि, नंदलाल मिश्रा के घर से कुड़ेकेल नाला तक 1:2 किलोमीटर का सड़क निर्माण हेतु उपरोक्त कार्यालय को 1:86 लाख रूपये सेंक्शन हेतु प्राक्कलन भेजा जा चुका था । खुशी की बात है कि,यह कार्य स्वीकृत हो गया है।

बरसात के बाद इस रोड का निर्माण होना है ।

उन्होने बताया कि, बरसात के मौसम को देखते हुए फ्लिहाल

सड़क के गड्ढों से पानी निकालने की व्यवस्था की गयी है । चूँकि पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से बरसात का पानी सडक मे जाम होकर सड़क को खराब कर रहा है।

अब सडक के साथ नाली भी बनाने की योजना है।

बसना शहरी क्षेत्र से लगे गाँव की ये हालात है तो दूर दूरांचल ग्रामों की दयनीय दशा का आप अंदाजा लगा सकते हैं ।

डिजिटल दुनियां के युग मे भी लोगों को राह मे चलने के लिए भी, तललीफों का सामना करना पड़ रहा है ,विडम्बना की बात है?

पत्रकारों एवं ग्रामीणों की सतत जागरूकता से अंततः

विभाग अब निद्रा से जाग कर जनहित मे सड़क निर्माण के लिए आगे आया है ,देखना है यह सड़क कब तक लोगों के चलने के लायक बनता है।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-27